Upgradation of Schools in Ambala Cantt. Constituency

***658. Seth Ram Dass Dhamija:** Will the Minister of State for Education be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the governement to up grade the Primary and Middle schools in Ambala Cantt. Constituency during the year 1984-85; and

(b) if so, the details thereof ?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा):

(क) जी नहीं।

(ख) प्र न ही उत्पन्न नहीं होता।

अतारांकित प्र न एवं उत्तर

Parity of Pay Scales of Librarians and D.P.E's.

89. Prof. Sampat Singh: Will the Minister of State for Education be Pleased to state-

(a) whether it is a fact that as per recommendations of University Grants Commission the Librariasn & D.P.Es. working in the Colleges have been given pay scales equal to the pay scales attached to the post of College Teachers; and

(b) if so, the time by which the aforesaid recommendation is likely to be implemented ?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा):

(क) हां। यू0जी0सी0 ने निर्धारित योग्यतायें रखने वाले लाईब्रेरियन/डी0पी0ईज0 को प्राध्यापक ग्रेड 1.4.80 से देने के लिए सहमति दे दी है।

(ख) यह मामला सरकार के विचाराधीन है।

Appointments made in the Transport Department

90. Prof. Sampat Singh: Will the Minsiter for Transport be pleased to state-

(a) the category wise names addresses and qualifications of the persons newly appointed to various posts in the Transport Department during the period from 28th June 1979 todate; and

(b) the method adopted in making the said appointments ?

Transport Minister (Con. Rao Ram Singh): The time and labour involved will not be commensurate with the purpose sought to be achieved.

Appointments mad in the Cooperative Banks

91. Prof. Sampat Singh: Will the Minister for Cooperation be pleased to state the Category wise names, addresses and qualifications of the persons newly appointed to various posts in the Haryana State Cooperative Banks and

other Cooperative Banks in the State during the period from 28th June, 1979 todate ?

Cooperation and Dairy Development Minister (Ch. Birinder Singh): A statement is placed on the Table* of the House.

Appointments made in the Excise and Taxation Department

92. Prof. Sampat Singh: Will the Minister for Excise and Taxation be pleased to state ther category wise names, addresses and qualifications of the persons newly appointed to various posts in the Excise and Taxation Department during the period from 28th June 1979 todate ?

Excise and Taxation Minister (Sh. Brij Mohan): A statement is laid on the *Table of the House.

Health Centres

100. Sh. Hira Nand Arya: Will the Minister for Health be pleased to state-

(a) the name of places in Adampur and Loharu constituencies where the Health Centres, dispensaries were set up during the period from 1st January 1980 to 31st December 1983 separately;

(b) whether there is any proposal under consideration of the Government to open more Health Centres, Dispensaries in the aforesaid Constituencies during the year 1983-84, if so, the names of such places; and

(c) whether there is any proposal under consideration of the Government to open Ayurvedic Dispensaries in villages of Jhanjhera, Sheoran, Fertia, Bhima, Chahar Kalan Budhera, Budhseli, Kalod District Bhiwani ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्रीमती प्रसन्नी देवी):

(क) विवरणी सदन के पटल पर रखी जाती है।

(ख) इस समय ग्राम डिगरोटा (जिला महेन्द्रगढ) में सहायक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

(ग) नहीं।

विवरणी

उन स्थानों की विवरणी जहां पर निर्वाचन क्षेत्र आदमपुर तथा लोहारू में 1.1.80 से 31.12.83 तक सहायक स्वास्थ्य केन्द्र/आयुवैर्दिक औशधालय खोले गये :–

निर्वाचन क्षेत्र	सहायक स्वास्थ्य केन्द्र		आयुर्वेदिक औशधालय	
आदमपुर	1	न्योली कलां	1	टोकस पातन
	2	चौधरीबास	2	गाबड़
			3	भााहपुर
			4	कालुवास
			5	खारिया

			6	मंगाली सिंघरान
			7	भिवानी रोहिला
			8	मोहब्बतपुर
			9	मात्र याम
			10	बगला
			11	भेरिया
			12	चौधरीवाली
लोहारू	1	झाम्पा कलां		
	2	लीलस		
	3	गुरेरा		

Electricity Transmission System

101. Sh. Hira Nand Arya: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether the electricity transmission system in the State is over loaded at present; and

(b) if so, the steps, if any, taken or proposed to be taken to improve the transmission system togetherwith the time by which the improvement is likely to be made ?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला):

(क) वर्तमान बिजली प्रसार प्रणाली सूखा ग्रस्त द ाा वाले ग्रामीण क्षेत्र की मांग के अनुकुल नहीं है। फिर भी संचार प्रणाली को सुदृढ करने के लिए निरन्तर प्रयत्न योजनाबद्ध विकास के अधार पर किएक जा रहे हैं।

(ख) प्रसार प्रणाली को मजबूत करना/वृद्धि करना वर्श के अनुसार उस वर्श के दौरान वित्तीय साधनों पर निर्भर करते हुए की जाती है। वर्श 1983–84 के दौरान 220 के0वी0 के दो, 132 के0वी0 के तीन और 66 के0वी0 के चार नए उप केन्द्र साथ ही 220 के0वी0, 132 के0वी0 और 66 के0वी0 की 62 के0एम0, 49 के0एम0 84 के0एम0 प्रसार लाईन अतिरिक्त चालू करने के वर्तमान अठारह 132/66 के0वी0 उप केन्द्रों की क्षमता में वृद्धि की गई। वर्श के दौरान प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए किए इन कामों पर लगभग 14 करोड रूपए खर्च होना सम्भावित है।

छठी योजना अवधि के दौरान 220 के0वी0 तेरह 132 के0वी0 और चार 66 के0वी0 सम्बंधित प्रसारण लाईनों के साथ ही सामान्य लोड वृद्धि को पूरा करने के लिए योजना के बाकी रहें, चार 220 के0वी0 आठ 132 के0वी0 और तेरक 66 के0वी0 उप

केन्द्रों को पांचवीं योजना में सम्बंद्ध प्रसार लाईनों के साथ जोड़ना नियोजित है। छठी योजना कार्यों पर लागत 90 करोड रूपए अनुमानित की गई है जिसमें से 55 करोड स्पए 11/83 तक खर्च हो चुके हैं। उपरोक्त योजना व्यवस्थाओं के अन्तर्गत दो 220 के0वी0, नौ 132 के0वी0 और नौ 66 के0वी0 उप केन्द्र सम्बंध प्रसार लाईनों सहित दिसम्बर, 1983 तक चालू किए गए हैं।

सातवीं पंचवर्शीय योजना में नए उपकेन्द्रों और विभिन्न प्रकारों (दरों) की लाइनों को उत्पन्न करने का एक वि ाल कार्यक्रम प्रस्तावित है। योजना परिव्यय का प्रस्ताव लगभग 250 करोड रूपए है। इसकी विस्तार सीमा में छः 220 के0वी0 चालीस 132 के0वी0 और छब्बीस 66 के0वी0 उप केन्द्र संबंध प्रसार लाईनों सहित आता है। इसी प्रकार चार 220 के0वी0 इक्कीस 132 के0वी0 और अठारह 66 के0वी0 उप/केन्द्रों का विस्तार भी प्रस्तावित है।

भाखड़ा व्यास प्रबंधक बोर्ड द्वारा नियन्त्रित प्रसार प्रणाली की वृद्धि/सुदृढ़ करने के लिए भरसक प्रयत्न किए गए हैं ताकि 220 के0वी0 के प्रारम्भिक स्तर पर प्रणाली वोल्टेज को सुधारा जाए। इस संबंध में भिवानी स्थित उप केन्द्र सहित 400 के0वी0 देहर पावर हाउस और भिवानी का जिक्र करना उचित है। यह परियोजना जिसकी लागत लगभग 67 करोड सम्भावित है। 1985–86 में पूर्ण होने की संभावना है। जब यह चालू होगी तो

राज्य में आपूर्ति वोल्टेज वि ोश पर दक्षिण क्षेत्र में अत्याधिक मात्रा में सुधर जाएगी।

Thein Dam

102. Sh. Hira Nand Arya: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether the state has any share in the electricity produced/to be produced from Thein Dam in Punjab; and

(b) if so, the details therof togetherwith the time by which the said dam is likely to be completed ?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला):

(क) थींन डैम से बिजल का हिस्सा अभी तक निि चत नहीं हुआ है।

(ख) बिजली के लाभ के हिस्से बारे भारत सरकार द्वारा अभी निर्णय लिया जाना है। यह परियोजना 1989–90 के अंत तक पूर्ण होनी नियोजित है।

Laying of Transmission Line

103. Sh. Hira Nand Arya: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether there is any scheme under consideration of the Governmnet to lay a transmission line from Dehar Power House in Himachal Pradesh to Panipat, Bhiwani and Dadri; and

(b) if so, the time by which the aforesaid line is likely to be laid ?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला):

(क) तथा (ख) हां, व्यास निर्माण बोर्ड द्वारा देहर बिजली घर से भिवानी तक एक 400 के0वी0 लाईन लगाई जा रही है। यह लाईन वर्श 1985–86 तक लगभग पूरी हो जाएगी।

Repairing of damaged roads in Ambala Cantt.

111. Seth Ram Dass Dhamija: Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to grant funds to Municipal Committee Ambala Cantt. for the repair of such roads as were damaged due to laying of sewerage in the said city; and

(b) if so, the time by which the said grant is likely to be given to the Committee for the purpose referred to in part (a) above together with the time by which the damaged roads are likely to be repaired ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) जी नहीं।

(ख) उपरोक्त (क) की दृश्टि में प्र न उत्पन्न नहीं होता।

Palika Vihar Scheme of Ambala Sadar Municipal Committee

112. Seth Ram Dass Dhamija: Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether any scheme named 'Palika Vihar' has been received by the Government from Ambala Sadar Municipal Committee recently; and

(b) if so, the action, if any, taken thereon and the time by which the said scheme is likely to be finalized ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) हां।

(ख) मामला विचाराधीन है और भीघ्र ही निपटान किये जाने की आ ाा है।

Shifting of Milk Dairies in Ambala Cantt.

113. Seth Ram Dass Dhamija: Will the Minister for Cooperation be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to shift the milk dairies presently existing in Ambala Cantt. to places on the outskirts of the city; and

(b) if so, the time by which the said proposal is likely to materialise ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) नहीं।

(ख) ''क'' को देखते हुए प्र न उत्पन्न नहीं होता।

Construction of Mini Secretariat Ambala Cantt.

114. Seth Ram Dass Dhamija: Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a 'Mini Secretariat' at Ambala Cantt; and

(b) if so, the time by which the above said proposal is likely to materialise ?

राजस्व राज्य मंत्री (श्री लछमन दास अरोडा):

(क) और (ख) अम्बाला भाहर में लघु सचिवालय के प्र ाासकीय खण्ड का निर्माण किया जा रहा है और यह अम्बाला छावनी की आव यकताओं को भी पूरी करेगा। अम्बाला छावनी में अलग से लघु सचिवालय का निर्माण करने बारे कोई प्रस्ताव नहीं है।

विभिन्न विशयों का उठाया जाना

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, सबार्डिनैट सर्विसिज फैड्रे ान की तरु से आपकी सेवा में एक मांग पत्र पे ा किया गया था। यह फैड्रे ान अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन कर रही है जिसकी वजह से सारे डायरेक्टोरेट में, सारे डिपार्टमैंटस में सरकारी कार्य पैरोलाइज्ड है। कहीं पर भी कोई काम नहीं हो रहा है और जनता को बडी भारी दिक्कत हो रही है। उनकी मुख्य मांग यह है कि उनको बोनस और भत्ता नहीं मिल रहा। मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इसके बारे में अपना स्पश्टीकरण दें और उनकी मांगों को माने।

स्पीकर साहब, इसके इलावा मेरी एक सबमि ान और है। मैंने भीत लहर चलने के कारण हुए फसल के नुकसान के बारे में एक काल अटैं ान मो ान दिया था। वहां पर भीत लहर के कारण सारी फसलें बरबाद हो गई हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि

उसे स्वीकार करें। इसी संकट को लेकर दादरी में किसानों ने धरना भी दे रखा है।

श्री अध्यक्षः मैं इसको कंसीडर कर रहा हूं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब .....

श्री मनफूल सिंहः स्पीकर साहब, मेरे क्वै चन हर लिस्ट में रह जाते हैं, पता नहीं क्या बात है ? (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः यह सवाल आप अपने लीडर से पूछ सकते हैं।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मैं इनको क्या बताऊं। ये नये मैम्बर हैं, भाायद इनकों पता नहीं होगा।

श्री अध्यक्षः आपको इन्हें गाईड करना चाहिए।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, अगर कोई मैम्बर गलत बोला हो फिर तो मैं कह सकती हूं। इन्होंने अपने सवालों के बारे में पूछा है और यह पब्लिक इन्ट्रैस्ट की चीज है। Members are entitled to express their feelings. Rather we ask for our rights to be safeguarded by you.

श्री अध्यक्षः मुझे इस बात की बडी हैरान है कि एक ग्रुप लीडर एक जायज बात मानने के लिए तैयार नहीं है। तकरीबन दो साल इन मैम्बर साहब को इलैक्ट हुए हो गये हैं लेकिन इन्हें क्वै चंज के बारे अभी तक पता नहीं लगा है। लीडर आफ दी

अपोजि ान कहती हैं कि इनको पता नहीं है। कैसे पता नहीं है ? अगर पता नहीं है तो इस मे मेरा कसूर नहीं है। अगर दो साल के अर्से में मैम्बर साहब नहीं समझ सके तो कब समझेंगे ? आप सबको पता है, हर रोज क्वै चन लिस्ट पर 12 सवाल लगते हैं। 12 में से कभी 5, कभी 6 और कई दफा 7 क्वै चंज हाउस में रिप्लाई होते हैं। इस बात का हर मैम्बर को पता है, लेकिन चौधरी मनफूल सिंह का एटीच्यूड हर बात अजीब होता है और गलत चीज खडी कर देते हैं और खाहमखाह हाउस का टाईम वेस्ट करते हैं। यह अच्छी बात नहीं है। अगर कोई बात रीजनेबल हो तो मैं बताने के लिए तैयार हूं। किसी भी रीजनेबल बात को मानने के लिए मैं तैयार हूं लेकिन ऐसी बात पूछना खाहमखाह हाउस का टाईम वेस्ट करने वाली बात है। जब मैंने श्री वीरेन्द्र सिंह को बोलने के लिए बुला लिया है तो ये खाहमखाह खडे हो गये हैं और कहने लगे कि मेरा सवाल रह गया हैं ऐसा नहीं होना चाहिए।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, इसी बात पर मेरी एक सबमि ान है। जब ट्रैजरी बैंचिज वाले भाशण देने लगते हैं तो हम बीच में नहीं बोलते और हम प्रज्यूम कर लेते हैं कि आप इनको टोकेंगे। आप हाउस को प्रिजाइड करते हैं, जो मैम्बर कोई बात करता है और आप समझते हैं कि ठीक नहीं है तो आप कह दीजिये कि यह बात ठीक नहीं है।

श्री अध्यक्षः आपको रीजनेबल होना चाहिए। सब के बारे में एक ही तरह से सोचना चाहिए। आपने देखा है कि डा0 मंगल सैन जी ने सप्लीमैंटरी पूछते समय अढाई मिनट सवाल पूछने में लगा दिये और इसका जवाब देने के लिए मिनिस्टर साहब को टाईम नहीं मिला। हर मैम्बर अपनी अपनी अकलमंदी से सवाल पूछता है और सवाल लम्बा हो सकता है। अब चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी बोलेंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब आपने फरमाया अकलमंदी इस्तेमाल करनी चाहिए। मैम्बर साहब मेरे से पूछ रहे थे कि रूल्ज आफ प्रोसीजर की किताब में दूसरे प्रोवीजन्ज तो हैं लेकिन बढिया अकल इस्तेमाल करने का प्रोवीजन नहीं है। आप हमें वह रूल बता दें जिसके तहत हम बढिया अकल इस्तेमाल कर सकते हैं, हम उस रूल के तहत सीखते रहेंगे। (व्यवधान) स्पीकर साहब, एडजर्नमैंट मो ान डाक्टर साहब की भी है, बहन चन्द्रावती की भी है, श्री सम्पत सिंह की भी है और श्री रामविलास भार्मा की भी है। मुख्य मंत्री जी बडी उदारता के साथ कहा था कि यह ऐसा मामला है जिसे हाउस को डिसकस कर लेना चाहिए क्योंकि इस मामले से ट्रेजरी बैंचिज और विपक्ष के मैम्बर साहिबान कसर्न्ड हैं। हम सब को इसे डिसकस करने की चिन्ता है। हमारा प्रांत पीसफु

ल है और हम सब पीसफुल माइंड के लोग हैं। हम चाहते हैं कि खाहमखाह घटनाएं न घटें, इस दे ा के लिए इसका बडा कन्सर्न है। दूसरी बात यह है कि मैने एस0वाई एल0 के बारे में

रूल 84 के तहत मो ान दी है। एस0वाई0एल0 आर्गेनाइजे ान को डिसबैंड करने का जो पंजाब सरकार ने फैसला किया है, इसके बारे में है और यह मो ान आपके पास पैंडिंग है। इसके अलावार एक नो कान्फिडैंस मो ान और एक काल अटैं ान मो ा भी पैंडिंग है। काल अटैं ान मो ान लेबर डिपार्टमैंअ के बारे में है। लेबर डिपार्टमैंट पर 1983 में फरदर रिक्रुटमैंट पर बैन लगाया गया था। बैन के बावजूद भी इन्होंने लगभग 25 भााप इन्सपैंक्टर्ज की भर्तियां की हैं यह काल अटैं ान मो ान आपके पास पैंडिंग है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने अपने घर से स्टेट में ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान के बारे में एडजर्नमैंट मो ान दी थी। ला एंड आर्डर की सिचुए ान के बारे में मेरे लायक दोस्तों ने भी फरमाया है कि हरियाणा में सिचुए ान बडी एक्सट्राआर्डिनरी है। सरकार ने भी कैबिनेट में सिचुए ान को कंट्रोल करने के लिए फैसले लिए हैं ताकि लोगों की प्रोटैक ान की जा सके। इस बारे में सब डिपार्टमैंटस विजिलैंट हैं। स्पीकर साहब इसी रो ान में आपके डिप्टी स्पीकर साहब, पर कातलाना हमला हुआ है। स्पीकर साहब, आपका फर्ज है हमारी प्रोटैक ान करना। मेरी आपसे हम्बल सबमि ान है कि इस मामले को सीरियसली लिया जाए। इस मामले पर बजट सै ान के दौरान लौकसभा में भी चर्चा हुई है। नौर्मली वहां पर इस तरह की मो ान एडमिट नहीं होती लेकिन वहां पर भी चर्चा है। जब हमारे

दे ा की सुप्रीम लैजिस्लेचर में यह चीज डिसकस हो सकती है तो उसको फौलो करने में यहां क्या हर्ज है। इसलिए आप अपने फैसले को रिव्यू करें और हमारी एडजर्नमैंट मो ान एडमिट करने की कृपा करें। इसके अलावा स्पीकर साहब हमारे आनरेबल मैम्बर आर्य साहब ने पहले ही इस तरफ ध्यान दिलाया है कि पिछले दो दिन से डायरैक्टोरेट के एम्पलाइज पैन डाउन स्ट्राईक पर हैं। अगर डायरैक्टोरेट में किसी अफसर की फोन करें तो जवाब मिलता है ''सौरी सर, फाईल निकल नहीं सकती क्योंकि क्लकर्स पैन डाउन स्ट्राईक पर हैं'' स्पीकर साहब मैं काल अटैं ान मो ान के जरिए यह जानना चाहता था कि जब उनसे वायदे किए हैं तो उन्हें पूरा क्यों नहीं किया जाता ? यह सरकार उनसे क्यों नाराज है ? आखिर वे आपके ऐम्पलाईज हैं और गवर्नमैंट के पार्ट एंड पार्सल हैं। गवर्नमैंट उनके बिना चल नहीं सकती। स्पीकर साहब, मेरे और भी कई काल अटैं ान मो ांज हैं। अगर उन सबके बारे में आपकी रूलिंग आ जाए तो मेहरबानी होगी।

श्री हरिचन्द हुड्डाः स्पीकर साहब, मैंने भी कई काल अटैं ान मो ांज दिए थे लेकिन आपने वे सब रिजैक्ट कर दिए। मुझे इसमें कोई एतराज नहीं। मैं तो यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो कुछ नुक्सान हो रहा है वह तो हो ही रहा है लेकिन आगे आने वाले नुक्सान से बचने के लिए अभी से कोई कदम उठाए जाने चाहिए। पिछले साल मेरे हलके को फल्ड ने बहुत अफैक्ट किया था और लोग बहुत परे ाान हुए थे। जितना नुकसान हो

गया और जिन लोगौं को ऐक्सट्रिमिस्टस मार गए, उनको तो सरकार वापस ला नहीं सकती, लेकिन आने वाला फल्ड अब बहुत दूर नहीं है। मैं सरकार से चाहूंगा कि वह अपने वाले फ्लड का अभी से पूरा इंतजाम करें। जो स्कीम्ज स्वीकार की गई हैं, जिन स्कीम्ज के बारे में सरकार पिछले चार साल से हां भरती रही है, चीफ मिनिस्टर चौधरी भजन लाल और इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर श्री सुरजेवाला ने जिन स्कीम्ज के बारे में मेरे से कमिटमैंट की है और लिख कर भी दिया है लेकिन हुआ कुछ नहीं, उन्हें इम्पलीमैंट करके आने वाले फ्लड को रोका जाए।

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, मैंने एक काल अटैं ान मो ान दिया है कि सारे हरियाणा में और खास तौर पर सिरसा जिले में चने, सरसों और गेहूं की फसल ओलावृश्टि पानी की कमी और बिजली की कमी से तबाह हो चुकी है।

श्री अध्यक्षः उसे मैं ऐडमिट कर रहा हूं।

श्री भागी रामः बहुत अच्छा जी।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः स्पीकर साहब, सारे प्रदे ा में कौटन की फसल बरबाद हो गई है। कौटन की फसल पंजाब में भी बरबाद हुई है। और हमारे प्रदे ा में भी बरबाद हुई है। पंजाब में तो लोगों को कम्पनसे ान भी मिल रहा है और आबियाना भी माफ हो रहा है लेकिन हरियाणा में ऐसा नहीं हुआ है। हरियाणा में जो 50 परसैंट से ज्यादा कौटन की क्रौप बरबाद हुई है उसकी

और मैंने अपने काल अटैं ान मो ान के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्शित किया है। क्या आप बताएंगे कि उसका क्या हुआ ?

श्री अध्यक्षः भीत लहर से फसलों को होने वाले नुकसान से सम्बन्धित काल अटै ान मो ान को मैंने ऐडमिट कर लिया है।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः धन्यवाद जी।

चौधरी ओम प्रका ाः स्पीकर साहब, मैंने भी एक काल अटैं ान मो ान दिया था। वह कोल्ड वेव के कारण चने और सरसों की फसल के नुकसान के बारे में था।

श्री अध्यक्षः आपका नाम भी उसमें है।

चौधरी ओम प्रका ाः मेरा दूसरा काल अटैं ान मो ान प्रदे ा में बिगडती हुई कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की तरफ सरकार का ध्यान दिलाने के बारे में था। क्या आप बताएंगे कि उसका क्या फेट रहा ?

श्री अध्यक्षः उसका मैं अभी जिक्र करूंगा।

चौधरी हुकम सिंह फोगाटः मैं भीत लहर से भात प्रति ात फसल खराब हो चुकी है .....

श्री अध्यक्षः यह बात पहले हो चुकी है।

प्रो0 सम्पति सिंहः अध्यक्ष महोदय, जिस स्थान प्रस्ताव का आदरणीय वीरेन्द्र सिंह जी ने जिक्र किया उसकी और भी ज्याद आव यकता हो गई है। कल एक और घटना घट गई है। हमारे आदरणीय चौधरी भाकरूल्ला जी के फलैट में कल कुछ लोगों ने आग लगा दी थी। (ाोर) मैं बाकायदा जिम्मेवारी से कहता हूं कि कल भााम वहां आग लगी है। हो सकता है किसी क्रिमिनल आदमी ने ऐसा किया हो या हो सकता है किसी और वजह से आग लगी हो, लेकिन यह फैक्ट है कि बिस्तर तक जले हैं, चारपाईयां जली हैं और फायर ब्रिगेड वहां आया है।

श्रीमती चन्द्रावतीः दहेज के लिए किसी महिला को तो नहीं फूंक रहे थे ? (ाोर)

चौधरी भाकरूल्लां खांः स्पीकर साहब, मैं असैम्बली में था। मुझे टेलीफान आया कि आपके फलैट में आग लग गई। मैं वहा गया। मेरे हल्के से लोग आए हुए थे और बिस्तरों पर सो रहे थे। किसी से वहां बीडी गिर गई और यह कांड हो गया। (ाोर)

चौधरी नर सिंह ढांडाः अध्यक्ष महोदय, अभी हुड्डा साहब ने कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है और फ्लडज की रोक थाम के लिए कुछ किया जाना चाहिए। मेरे हल्के पाई में फ्लड से बहुत नुकसान होता है। वहां की ड्रेंज की सफाई नहीं हुई है और उन ड्रेंज के ऊपर पुल भी नहीं बने हैं इस तरफ सरकार को अभी से ध्यान देना चाहिए। (विघ्न)

श्रीमती बसन्ती देवीः स्पीकर साहब, जब ओलों से फसल नश्ट हो जाती है तो उसका मुआवजा दिया जाता है। मेरे हल्के में 6 गांवों में पानी खडा है और उनकी दोनों फसलें नश्ट हो चुकी हैं। मैं सी0एम0 साहब से यह जानना चाहती हूं कि उन्हें मुआवजा देने के लिए क्यों कंसिडर नहीं किया जाता ? (विघ्न)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अभी बताएंगे।

श्री मनफूल सिंहः स्पीकर साहब, अगर फसल बाढ और ओला वृश्टि से खराब हो जाती है तो सरकार किसानों को मुआवजा दिती है। इसी से मिलती जुलती बात की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। प्रदे ा में दो तीन महीने स्कूल बंद रहे हैं और उससे बच्चों की पढाई में बहुत नुकसान हुआ है। यह एक किस्म से उनके ऊपर ओला वृश्टि ही है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि मिडल और मैट्रिक के बच्चों को हर पेपर में 15 नम्बर ग्रेस के तौर पर दिए जाने चाहिएं।

चौधरी रो ान लाल आर्यः स्पीकर साहब, मैं सरकार का ध्यान दो बातों की ओर आकर्शित करना चाहता हूं। एक तो हरियाणा के नेत्रहीन कई दिनों से आन्दोलन कर रहे हैं। सरकार ने उनकी जो मांगे मान ली थी लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं हुआ उन पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। दूसरी बात यह है कि विकलांग तथा नेत्रहीनों को बसों में बिना टिकट यात्रा

करने की सुविधा दी गई थी लेकिन अभी तक उस पर अमल नहीं हो रहा है। इस पर भी अमल होना चाहिए।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने आपको एडजर्नमैंट मो ान दी थी और उसके बारे में आज आपने रूलिंग देनी थी। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि उसका क्या हुआ ? (विघ्न)

श्रीमती चन्द्रावतीः मेरी भी एडजर्नमैंट मो ान थी। उस पर भी आपकी रूलिंग आनी थी। उसका क्या हुआ ?

श्री अध्यक्षः ला एंड आर्डर के बारे में जो कुछ काल अटैं ान मो ान और एडजर्नमैंट मो ांज थीं, वे मैंने सारी की सारी काल अटैं ान मो ान में कन्वर्ट करके एडमिट कर ली है।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब लोकसभा में पंजाब की सिचुए ान को देखते हुए एडजर्नमैंट मो ान एडमिट की है। हमारे तो आपने प्रदे ा में ही हालात खराब हैं, यहां तो अव य ही एडमिट होनी चाहिए ? (व्यवधान)

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब हम आपके फैसले से संतुश्ट नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, हरियाणा में ला एंड आर्डर की सिचुए ान बहुत ही खराब है। माननीय डिप्टी स्पीकर साहब और माननीय विधायिका श्रीमती भाांति देवी पर जी0टी0 रोड पर अटैक हुआ है और आपके घर पर भी कुछ लोगों ने अटैक

किया है। आज के दिन हरियाणा में इतनी घटनायें हो रही हैं और फिर भी एडजर्नमैंट मो ान एडमिट न हो तो बडे दुःख की बात है। पिछले दिनों जीन्द और पानीपत में ला एण्ड आर्डर की बहुत खराब सिचुए ान थी। सिरसा में कालांवाली के पास रेल की पटडी उखाड दी गई। इसलिए मेरी आपसे गुजारि ा है कि एडजर्नमैंट मो ान जरूर एडमिट होनी चाहिए और इसा पर डिस्क ान अलाउ करनी चाहिए। इसे एडमिट करके आगे के बिजनैस को स्थगन किया जाये। आप रूल्ज के कस्टोडियन हैं। हमारे कई साथियों ने एडजर्नमैंट मो ान दी हैं इसलिए आप इसे जरूर एडमिट कीजिए ताकि हम अपनी बात कह सकें और सरकार को आप कहें कि इसका जवाब दें।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब आपने काल अटैं ान मो ान तो एडमिट कर ली लेकिन मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप अपने फैसले को रिव्यू कीजिए। आज की सिचुए ान की ग्रेविटी को देखते हुए और ला एंड आर्डर की प्रोब्लम की सीरियस नैस को देखते हुए यह एडमिट होनी जरूरी है। ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान खराब होने से स्टेट में एटमौसफियर टैंस हो गया है। काल अटैं ान पर तो मुख्य मंत्री जी बोल लेंगे और हमें आप एकाध सवाल करने का मौका दे देंगे। अगर आप एडजर्नमैंट मो ान एडमिट करते हैं तो हम डिटेल में अपनी बात कह सकेंगे और बाद में मुख्य मंत्री जी डिटेल में जवाब दे सकेंगे। सारी बात कलियर हो जायेगी। ऐसा करने से एटमोसफियर को

ठीक करने में हैल्प मिलेगी। इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस पर पुनर्विचार कर लीजिए और एडजर्नमैंट मो ान को एडमिट कर लीजिए। हमारे लोक सभा के स्पीकर साहब ने पंजाब की सिचुए ान को देखते हुए एडजर्नमैंट मो ान को एडमिट करके एक अच्छा पैसिडैंट कायम किया है। हमें भी लोक सभा को फालो करने में कोई हर्ज नहीं हैं यही मेरी आपसे रिक्वैस्ट है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब आपने जो रूलिंग दी हैं उसे मैं चैलेंज नहीं करता लेकिन आपसे प्रार्थना अव य करना चाहता हूं कि कल आपने एक तरह से हाउस की सैंस ले ली थी। ट्रेजरी बैंचिज, अपोजी ान और चीफ मिनिस्टर साहब खुद चाहते थे कि ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान पर डिस्क ान कर ली जाये। जब सारे हाउस की सैंस थी तो ऐसा महसूस होता था कि आप जैसे मौतवर और एक्सपीरियंसड आदमी जरूर यह फैंसला देंगे कि एडजर्नमैंट मो ान को एडमिट किया जाता है। मैं आपसे मोदबाना गुजारि ा करूंगा कि यह डिस्क ान टैंस सिचुए ान को डिफ्यूज करने में हैल्पफूल होगी। मैं आपसे इतना भी कह सकता हूं कि हमारी जबान से कोई ऐसी बात नहीं निकलेगी जो जिम्मेदार की न हो। इस डिस्क ान में सिचुए ान बिगडने की कोई बात नहीं होगी। हम भी इक्वली कंसर्न्ड हैं। हम चाहते हैं कि यह सिचुए ान जितनी जल्दी डिफ्यूज हो सके, उतना ही अच्छा है। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करना चाहूंगा कि आप अपनी रूलिंग रिव्यू करें अगर आप इसे रिव्यू नहीं करेंगे तो हम आपके

फैसले से एग्री नहीं करेंगे और हमें मजबूरन वाक आउट करना पड़ेगा।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): स्पीकर साहब आपने काल अटैं ान मो ान एडमिट करके बहुत ठीक फैसला लिया है। माननीय सदस्य कल राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर बहुत डिटेल में ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान के बारे में कह चुके हैं और आगे भी उन्हें मौका मिलेगा और उसका डिटेल में सरकार की आरेर से जवाब भी दिया जायेगा। जिन माननीय सदस्यों ने एडजर्नमैंट मो ान दिया है, उन्होंने कल भी सारी बातें कह दीं हैं बहिन चन्द्रावती ने और डा0 मंगल सैन जी ने, डिप्टी स्पीकर साहब पर जो हमला हुआ उसके बारे में काफी डिटेल में कहा है। जब भी कोई सदस्य बोलने के लिए खडा हुआ, सबसे पहले उसने ला एण्ड आर्डर के विशय में बोला है और उन्हें ला एण्ड आर्डर के बारे में बोलना भी चाहिए। आज जब राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर डिस्क ज्ञन होगी तो उस समय भी मौका मिलेगा और बाद में हमें भी जवाब देने का मौका मिलेगा। दूसरी बात यह भी है कि राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर अभी तीन दिन और बहस होनी है, उसमें भी सारी बातें आयेंगी और हमारी ओर से जो जवाब आयेगा, उसमें भी सारी बातें आयेंगी। सभी सदस्यों को बोलने का पूरा समय मिलेगा, इसलिए आपने जो फैसला लिया है। उसे माननीय सदस्यों को मानना चाहिए और हाउस की कार्यवाही चलने देनी चाहिए।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहूंगा। हमारे दे ा की सर्वोच्च लैजिसलेचर पार्लियामैंट है। पार्लियामैंट में अगर कोई प्रैसिडैंट कायम हो जाये तो उसे हमें भी मानना चाहिए। राश्ट्रपति का अभिभाशण होता है तो उस पर मैम्बररान को खुल कर सारी बातें कहने का मौका मिलता है। यहां से ज्यादा फैसेलिटी और लायबिल्टी वहां पर है। लोक सभा के स्पीकर ने पंजाब की सिचुए ान को देखते हुए एडजर्नमैंट मो ान एडमिट किया। वहां प्राईम मिनिस्टर साहिबा ने और पार्लियामैंट एफेयर्ज मिनिस्टर इंचार्ज ने अपनी कंकरैंस दी लेकिन यहां पर मुख्य मंत्री जी इजाजत नहीं देना चाहते। कल इनका व्यू था कि ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान पर डिस्क ान होगा और मैम्बर साहेबान भी आ ाा करते थे कि वे सारे सूबे की ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान पर रो ानी डालेंगे। कल इन्होंने इस आगस्ट हाउस में कनसैट दे दी थी और आज वे रिगल आउट कर रहे हैं। यह उनके लिये ठीक नहीं है। इसलिए मैं आपकी रूलिंग चाहूंगा कि पार्लियामैंट के आनरेबल स्पीकर के फैसले की रो ानी में यहां पर भी एक अच्छा प्रेसिडैंट कायम हो। हमारी विधान सभा को लोकसभा के अनुसार ही इस एडजर्नमैंट मो ान को एडमिट करना चाहिए।

श्री राम विलास भार्माः स्पीकर साहब मैं एक नयी बात आपके नोटिस में लाना चाहता हूं। अगर यह एडजर्नमैंट हो जाये तो इससे प्रदे ा का भला होगा। जब पंजाब में ला एण्ड आर्डर

की सिचुए ान खराब होनी भाुरू हुई थी तो उसे गम्भीरता से नहीं लिया गया था और दिन प्रति दिन सिचुए ान खराब ही होती चली गई। हमारा प्रांत भी पंजाब का पडौसी प्रांत है। हमें खतरा है। कल कालांवाली में रेलवे लाईन को उडा दिया गया। अगर हम इस पर विचार नहीं करेंगे तो ऐतिहासिक कोताही होगी और हरियाणा के लोग हमें माफ नहीं करेंगे।

श्री अध्यक्षः कोई नयी बात हो तो आप कहें। यह तो औरौं ने पहले ही कह दिया है।

प्रो0 सम्पति सिंहः स्पीकर साहब आपने माननीय सदस्यों ने और मुख्यमंत्री जी ने पढ़ा होगा कि पांच सात दिनों से रोजाना अखबारों में आ रहा है कि पंजाब से इस उग्रवादियों का जत्थ हरियाणा में आया हुआ है और वही जत्था इस किस्म की कार्यवाही कर रहा है। कम से कम मुख्य मंत्री जी की ओर से एक स्टेटमैंट आए कि आया उस जत्थे का पता लगा है या नहीं। उसे जत्थे को पकडने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है, यह हाउस को पता लगना चाहिए।

11.00 बजे।

श्री अध्यक्षः इस सब्जैक्ट पर एडजर्नमैंट मो ांज और काल अटैं ान मो ांज को एज काल अटैं ान मो ान के तौर पर एडमिट किया है। यह सोच समझ कर और कंसल्ट करके किया है।

श्री मंगल सैनः सोच समझ कर तो बात समझ आती है लेकिन कंसल्ट किसको किया है ?

श्री अध्यक्षः मैंने किताबों को कन्सल्ट किया है। पंजाब वालों का या लोकसभा वालों को कंसल्ट नहीं किया है। जहां तक इस बात का ताल्लुक है, मैंने गवर्नमैंट से यही कहा है कि वह सारे हरियाणा प्रदे ा में छोटी से छोटी बातों का इंसीडैंटस की डिटेल और क्लीयर स्टेटमैंट दें। इनमैं 7–8 मैम्बर्ज का नाम है। यह काल अटैं ान मो ान उनके नाम से बनता है। इन 7–8 सदस्यों को सवाल पूछने का मौका मिलेगा। उस समय घंटा सवा घंटा टाईम इस पर जरूर लगेगा। आप इतने ज्यादा टची इस मामले में न हों। मेरा ख्याल यह है कि जितना नुक्सान मेरे जिला का हुआ है, उतना भाायद ही किसी दूसरे जिले का हुआ होगा। आप क्या समझते हैं कि जो डिप्टी स्पीकर साहब पर हमला हुआ है और बहिन भाान्ति देवी पर हमला हुआ है, जो मेरे भाहर की हैं, इनके बारे में मेरी फीलिंग्ज आप से कम है ? मेरी फीलिंग्ज आपसे कम नहीं हैं। मैं समझता हूं कि जो मैंने फैसला किया है, वह ठीक किया है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप इसको आनर करें।

वाक आउट

Sh. Verender Singh: We respectfully disagree and stage a walk out.

श्री मंगल सैन: सर, हम आपके एक ान से डिफर करते हैं और एज ए प्रोटैस्ट वाक आउट करते हैं।

(At this stage, all the Opposition Members staged a walk out)

वक्तव्य

सिंचाई तथा बिजली मंत्री द्वारा राज्य में बिजली आदि की कम सप्लाई संबंधी–

श्री अध्यक्ष: 13 मार्च 1984 की इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर ने सर्वश्री वीरेन्द्र सिंह, हीरा नन्द आर्य, डा0 मंगल सैन और श्री रामविलास भार्मा के भाौर्ट सप्लाई आफ इलैक्ट्रिसिटी आदि संबंधी काल अटैं ान मो ान के बारे में आज स्टेटमैंट देने के लिए कहा था। वे कृपया अपनी स्टेटमैंट दें।

Irrigation and Power Minister (Ch. Shamsher Singh Surjewala): The install generation capacity which came to the share of the State in November 1966 ws 343 M.W. Corresponding to the above generation capacity, the daily availability was around 17.20 L.U. (Lac Units) per day.

2. In the subsequent years 331 M.E. (Mega Watts) of Hydel generation and 403 MW of thermal capacity were added raising the total installed capacity to 1077 MW by the end of 1979-80. Correspondingly, the availability increased to 80-90 L.U. per day. The generation capacity was further augmented

by 333 M.W. comprising of 214 MW Hydel and 119 MW Thermal during the period 1980-84. Notable among these additions were commissioning of Panipat 110 MW Unit-II, Faridabad 60 MW Unit-III and two units of 165 MW each at Dehar by Beas Construction Board.

3.The following figures of electricity connections would indicate the growth in demand: -

Category of Connection	No. of Connections (in thousands)		
	1967	1980	Dec. 1983
General	282	850	1189
Industrial	97	38	51
Tubewells	20	204	257
Total	399	1092	1497

4. With the phenomenal rise in the growth of consumers, the demand also increased steeply. Whereas in the year 1967, it was 17 to 20 L.U., it rose to 100 to 120 L.U. in the year 1980 and presently, it varies between 130 L.U. to 160 L.U. per day. This demand consists of 55 to 60 L.U. for industrial sector and 30 L.U. to 100 L.U. for agriculture sector, the remaining being consumed by other consumers.

5. The power supply for the current year remained comfortable till June 1983. The supply position in the State became difficult from July, 1983 onwards because one of the machines at Panipat was taken out on capital maintenance for

a perios of 2-2½ months, but got prolonged as a result of a fault in tis generator. This Unit has since come into operation on 1st February 1984. Full share as was allocated to the State from Central projects also did not flow due to constraints of the transmission system and severe power shortage in the States where such projects are located. As a result, consumption of the consumers in various sectors had to be regulated so as to keep within the availability.

6.The policy on regulation and distribution of supply has been as follows :-

(a) The Government has accorded the highest priority to agriculture sector and efforts were made to meet its minimum needs. Accordingly, agriculture sector was allocated 8 hours of supply per day.

(b) The industry was subjected to 2-3 off days in a week with a cut upto 60% on continuous process industries.

(c) Urban feeders were switched off for 8 hours daily in November 1983, and this period was reduced to 5 hours from December, 1983 onwards.

7. Present Position

With the recommissioning of the 2nd 110 MW Unit at Panipat in February 1984, the supply position has improved and presently the availability is of the order of 130 LU/day. The restrictions have therefore been relaxed. The following regulations are at present applicable :-

(a)	Agriculture Sector:	

	Arid areas:	10 hours supply daily
	Non-arid areas:	8 hours supply daily
(b)	Industrial Sector:	
	Industries to observe two off day a week and 50% cut on continuous process industries.	
(c)	Other remaining sectors:	
	Urban Feeders are switched off for 3½ hours daily.	

8. It has been estimated that by the year 1989-90, peak demand in the State will touch 2096 MW and energy demand will be about 300 L.U. per day. To meet the demand, the following projects are in hand for execution which are likely to commission within the time indicated against each:-

Sr. No.	Name of the Project	Capacity in M.W.	Cost in Rs. Crores	Commissi-oning schedule	Likely availabi - lity in lac units per day
i	Panipat Stage-II	220	160	1985-86	20-30
ii	Panipat	210	210	1986-87	20-30

	Stage-III				
iii	Western Yamuna Canal (State-I)	48	62	1985-87	8-10
iv	Yamunanagar Thermal Power Project	420	312	1989-90	40-60
v	Western Yamuna Canal (Stage II)	16	18	1989-90	4-5
vi	Nathpa Jhakri Hydro Electric Project (haryana' Share)	432	400	1989-90	20-56
Haryana's Share in Future Central Projects					
i	Singrauli	200	Finance by Govt. of India	1987-88	10-20
ii	Salal (3x115 MW)	66	Do	1986-87	5-7

		1612			

9. With the power becoming available from the above sources the demand capability will increase to 1900 MW and energy available is expected to be of the order of 250-300 L.U. per day in the year 1989-90. Our Government is also actively pursing for installation of an atomic power station in the State.

10. Rapid increase in the demand affects the supply condition. For this purpose the transmission and distribution system has to be strengthened. This aspect has been receiving constant attention of the State Government. The progress achieved in the installation of grid sub stations is given below :-

Year	Number of sub stations			
	220 KV	132 KV	66 KV	33 KV
Ending 1966-67		4	7	36
Ending 1982-83		33	36	166
Addition during 1983-84	2	3	4	3

11. With the addition of new sub stations and augmentation of existing sub stations, considerable improvement in the quality of supply would be ensured.

12. Another step taken in this direction is addition of capacitors at consumer's premises and grid sub stations.

The present installed capacity of capacitors totals to 422 MVAR for L.T. and H.T.

13. Taking notice of difficult situation, the Government has constituted an advisory committee including some members of the House to identify areas requiring immediate attention with a view to improving consumer's services.

14. Government and the Board have further taken steps to make structural changes at various levels of the Board. It is also proposed to re-organize commercial cell so that consumers' cases or other references made by the field are promptly attended to. This will also speed up the recovery fo the defaulting amount through better follow up.

15. I am also happy to inform this August House that the resolving of consumers's problems have been adequately recognised at the various levels in the Board. Recently, a seminar on Better service to consumers was held at Faridabad. There are plans to hold more seminars at different places in the State so that the consumers' problems are brought into focus and the communication gap between the consumers and the Board hierachy is bridged.

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, अभी बिजली के वजीर साहब ने अपना स्टेटमैंट पढा है। हमारी डिफिकल्टी यह है कि रूल 84 के तहत तो हम सारी बातें कह सकते हैं लेकिन अब जो जवाब से निकलता है, वहीं कहना पडेगा। आपने वर्तमान स्थिति

को तो मिनिमाइज किया है और भविश्य का बडा उज्जवल चित्र खींचा है। पैरा पांच में आपने कहा है –

"The supply position in the State became difficult from July 1983 onwards because one of the machines at Panipat was taken out on capital maintenance for a period of 2-2½ months .....

आपने कहा है कि पानीपत की एक म ीन अढाई महीने के लिए स्टेट से बाहर ले जाई गई थी और उसकी मरम्मत में ज्यादा समय लग गया। इसके साथ ही साथ आप यह भी बताइए कि कितना समय लग गया और क्यों लग गया था ? आपने कहा है कि सैंट्रल पूल से बिजली कम मिली। इसका क्या कारण है? क्यों कम मिली ? अध्यक्ष महोदय, हमारी जानकारी यह है कि बिजली दूसरे प्रदे ा यानी रायबरेली को भेजी गई क्या यह ठीक है ? आपने स्टेटमैंट के तीसरे पेज पर कहा है –

"My Government is also actively pursing for installation of an atomic power statioin in the State."

मैं जानना चाहता हूं कि इसमें क्या प्रोग्रैस हुई है ? इस संबंध में क्या कौरसपौंडैंस हुई है ? यह ऐटोमिक पावर स्टे ान किस जगह पर लगाने जा रहे हैं और इस पर कितना खर्च होने जा रहा है ?

श्री अध्यक्षः डा0 साहब, आप एक क्वे चन पूछिए। इतने सारे सवाल आप पूछ लेंगे तो मिनिस्टर साहब कैसे जवाब देंगे ?

श्री मंगल सैनः मिनिस्टर साहब बहुत इंटेलीजैंट हैं ? वे जवाब दे सकते हैं।

श्री अध्यक्षः इंटेलीजैंट होने में तो कोई भाक नहीं है लेकिन सब सवालों को ये याद कैसे रख सकेंगे ?

श्री मंगल सैनः आपने यह भी कहा है कि मैम्बर्ज को ऐसोसिएट किया है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या अपोजी ान का भी कोई मैम्बर लिया जो आपको सही राय दे सकें, या अगूंठा लगाने वाले ही लिए हैं ? आखिर में इन्होंने कहा है कि जो नए चेयरमैन आए हैं, उन्हौंने फरीदाबाद में बैटर सर्विस टू कंज्यूमर नाम का एक सैमिनार होल्ड किया है। अध्यक्ष महोदय, क्या फरीदाबाद ही सारी बातों की मौनोपली हैं ? हमसे भी पूछ लेते कि यहां गड़बड़ है। अध्यक्ष महोदय, क्वे चन आवर में आपने मेरा क्वे चन काल अपोन नहीं किया वरना मैं बताता कि बिजली बोर्ड में कहा भ्रश्टाचार व्याप्त है। इसके बारे मे हम चीफ मिनिस्टर और इनके नोटिस में भी लाए हैं कई केसिज हैं जिनका इनको पता है। क्या ये हाई कोर्ट का जज उनकी इंक्वायरी के लिए अपाएंट करेंगे ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः अध्यक्ष महोदय, डा0 साहब ने छः सात सवाल कर दिए हैं। मुझे जो भी याद हैं मैं उनके जवाब दूंगा। अध्यक्ष महोदय, पानीपत थर्मल प्लांट की म ाीन की मरम्मत में देरी हो गई थी और वह जनवरी के ऐंड में

जाकर चालू हुआ। बिजली की सप्लाई में पहली फरवरी को इम्प्रूवूमैंट हुई। इसमें जो डिले हुई है, उसके लिए आलरेडी इंक्वायरी कमेटी सैंट्रल इलैक्ट्रिसिटी अथौरिटी के अंडर बना दी गई है। उसमें सी0ई0ए0 के मैम्बर चेयरमैन है और तीन टैक्नीकल आदमी और हैं। यह गवर्नमैंट आफ इंडिया की पब्लिक अंडरटेंकिग्ंज हैं ? इंडिपैंडेंट बौडी है। इंक्वायरी के बाद रिस्पौंसीबिलिटी फिक्स की जाएगी। दूसरी बात यह है कि सैंट्रल पुल में से बिजली और मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, हमें पूल में से बाई एंड लार्ज बिजली मिलती रही है। जहां तक दूसरी स्टेटस को बिजली देने का प्र ान है। कभी कभी दूसरी स्टेटस में बिजली की डिफिकल्टी हो जाती है और इसी तरह से हमारी स्टैट में भी डिफिकल्टी हो सकती है। डा0 साहब ने यह पूछा है कि सैंट्रल पूल से हमें कितनी बिजली मिली। अध्यक्ष महोदय, यह 10 लाख 25 लाख और 30 लाख यूनिटस में वेरी करता है। मैं एक एक दिन और एक एक महीने की फिगर दे सकता हूं। मैं हाउस को साफ तौर पर बताना चाहूंगा कि बिजली की जरूरत और उसकी उपलब्धि में जो गैप है, उसको ध्यान में रखते हुए हमने उसको दुबारा रिअसैस किया है। सैंट्रल पूल से अब जो बिजली मिलेगी, यह उस रिअसैसमैंट का आधार है। इस आधार पर हमें अब बिजली मिलेगी। जिस स्टेट का गैप वाइंड है, वहां बिजली ज्यादा मिलेगी और जहां गैप कम है जनरे ान और कंजम्प ान में, वहां कम बिजली मिलेगी। दुबारा प्राजैक ान के बाद जो हमने फिगर्ज दी हें, उसके आधार पर हमें सैंट्रल पूल से बिजली मिला करेगी

और पहले से ज्यादा मिलनी भाुरू हो गई है। स्पीकर साहब, अब मैं अटौमिक प्लांट के बारे में बताना चाहता हूं। नार्दन इंडिया यू0पी0 में नरोरा नामक जगह पर और दूसरा राजस्थान में कोटा नामक जगह पर एटोमिक प्लांट है। साउथ में भी इसी तरह का एक प्लांट लगता है। पंजाब और हरियाणा में भी एक जगह पर ऐसा ही प्लांट लगना है। हरियाणा का केस मजबूत है। यहां पर हाईड्रो रिसोर्सिज काफी वाईड है। (अपोजी ान की तरफ से भाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, मैं इन अपोजी ान के भाईयों से भी कहूंगा कि ये भी हमारा इस मामले में साथ दें। इसी संदर्भ में अभी पिछले दिनों एक सैंट्रल टीम हमारे यहां वेरियस साईटस को विजिट कर के गयी हैं। सरकार इस बारे में पूरी जागरूक है और यह प्लांट हमारे हरियाणा में ही स्थापित होना चाहिए।

इसके बाद एक और बात कमेंटी के बारे में कही गई। उसमें हमने 12 एम0एल0एज0 को नौमीनैंट किया और चार आदमी उस कमेटी में टैक्नीकल भी हैं।

श्री मंगल सैनः क्या नाम हैं उन एम0एल0एज0 के जरा बता दीजियेगगा।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः सर, इस वक्त उन एम0एल0एज0 के नाम तो मेरे पास अवेलेबल नहीं हैं हमने हर जिले में से एक एक एम0एल0ए0 किया है, सारे एरियाज में से एम0एल0एज0 नहीं लिये हैं

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, ये बडे उदार हैं, इनको चाहिए कि हरेक ग्रुप में से एक एक को ले लें।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, जो सुझाव इन्होंने दिया है, सरकार उस पर विचार करेंगी।

इससे अगली बात फरीदाबाद में जो सैमीनार हुआ था, उस बारे कही गयी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि न ही यह सेमीनार हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड ने और न ही सरकार ने करवाया था। यह तो इंजीनियर्ज की एक आर्गेनाइजे ान ने स्पांसर किया था और उस सेमीनार में यह सुझाव दिये गये थे कि इस तरह के सेमीनार्ज हरेक जिले में और रूरल एरियाज में भी होने चाहिए। फरीदाबाद एक इंडस्ट्रीयल टाऊन है। अब सरकार ने यह फैसला किया है कि हर महीने इस तरह के सेमीनार्ज कहीं न कहीं अव य होने चाहिए। एक अप्रैल को पहला सेमीनार कर रहे हैं और इस तरह से हर महीने में एक सेमीनार करने का सरकार का पूरा पूरा प्रोग्राम है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने अपनी स्टेटमैंट पढी है। इससे यह जाहिर होता है जैसे कि सुबह क्वै चन आवर में भी उन्होंने यह माना कि स्टेट एक डिफीकल्ट दौर में से गुजर रही है। आगे के लिए जो रूप रेखा इन्होंने दी है, उसमें बताया है कि बिजली की पर डे कंजम्प ान अंदाजे के अनुसार 1989–90 तक 300 लाख यूनिटस तक पहुंच जाएगी

जिसके लिये इन्होंने पांच सात प्राजैक्टों का जिकर भी किया है। साथ में यह कहा कि 1990 से पहले पहले हम अपने टार्गेट को अचीव कर लेंगे। मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि जो ऐंग्रीमैंट आपने हिमाचल प्रदे ा सरकार से किया था उसको अखबारों से पढ कर ऐसा मालूम होात है कि वह एग्रीमैंट ऐग्जीक्यूट नहीं हो रहा है और उसको सैंट्रल गवर्नमैंट खुद लेना चाहती हैं भारत सरकार उस प्रोजैक्ट को खुद कैरी आऊट करना चाहती है, क्या यह बात उनके नोटिस में है ? इन्होंने बताया कि 20 से 50 लाख यूनिट तक बिजली हमें मिलेगी। मैं उन से यह पूछना चाहता हूं कि मंत्री महोदय ने किसी बेस पर यह कह दिया कि 20 से 50 लाख यूनिटस तक बिजली हमें मिलेगी। जबकि इस तरह का उस सरकार के साथ कोई ऐग्रीमैंट ही नहीं हुआ है ? यहां पर किसलिये ये इस सम्माननीय सदन को गुमराह कर रहे हैं ?

इससे अगली बात फरीदाबाद में जो सेमीनार हुआ था उस संबंध में मैं पूछना चाहता हूं। हम तो उस सेमीनार में गये नहीं, हमने तो अखबारों में ही पढा है कि मंत्री जी ने उस सेमीनार में प्रिजाइड किया था और साथ में यह भी अखबारों में आया था कि मंत्री जी ने उस सेमीनार में अपने विचार व्यक्त किये थे और उन्हें वहां पर बडी निरा ाा हुई थी। इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड के काम काज से मंत्री जी निरा ा हुए थें क्या मंत्री जी बताएंगे कि अब इस सेमीनार के बाद इंजीनियर्ज से इनकी निरा ाा दूर हो गयी है ? क्या अब वर्किंग में कोई इम्प्रूवमैंट आने की संभावना है

? क्या कोई काम काज में इम्प्रूवमैंट हुई है ? इसके इलावा मैं मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहता हूं कि जो एम0एल0एज0 की एक कमेटी बनायी गयी है। क्या उस कमेटी में मौजूदा इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड के चेयरमैन और दूसरे मैम्बर भी इन्क्लूडिड हैं ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा इनको यह बताना चाहता हूं कि नाथपा झाकडी प्रोजैक्ट से हमें 20 से 50 लाख यूनिट तक बिजली मिलने की सम्भावना हे। यह ऐग्रीमैंट इंटैक्ट है, उसमें किसी प्रकार की कोई चेंज नहीं है। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इस तरह के फैसले अखबारों की खबरों के आधार पर नहीं होते। बात यह है कि नाथपा झांकडी प्रोजैक्ट के बारे में अभी तक सैंट्रल कैबिनिट से फाइनैंि ायल क्लीरैंस नहीं मिली हैं। वह इसलिए पैंडिंग है कि पहले यह देखना है कि स्टेट के फाइनैंि ायल रिसोर्सिज कितने हैं। भारत सरकार के अधिकारी यह चाहते थे कि इसको सातवीं प्लान में ले जाया जाए जबकि हरियाणा और हिमाचल प्रदे ा को सरकारें यह चाहती हैं कि यह प्रोजैक्ट छटी प्लान में ही चालू हो जाए। इसलिए हरियाणा सरकार ने अपने हिस्से का पैसा दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है, सडकें बन गयी हैं। और कालोनीज बन रही हैं सैंटर द्वारा खुद बनाने का अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। यही कोि ा ा है कि हरियाणा और हिमाचल की दोनों सरकारें खुद बनाएं। मुझे यह कहने में भी कोई एतराज नहीं है

कि चाहे हिमाचल बनाए, चाहे सैंट्रल गवर्नमैंट बनाए, हरियाणा को उसमें से बिजली अव य मिलेगी और नाथपा झांकडी से यमुनानगर तक बिजली की लाईन बनेगी। इसमें ऐसी कोई वि ोश बात नहीं है कि अगर सैंट्रल गवर्नमैंट बनाएगी तो हरियाणा को बिजली नहीं मिलेगी। बिजली हरियाणा को अपने हिस्से की अव य मिलेगी। अगर इस ऐंगल से अपोजी ान वाले देखते हैं कि हरियाणा को बिजली नहीं मिलेगी तो यह उनका सोचना और कहना ठीक नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब,मेरा प्वायंट आफ आडर है पिछले सत्र में नाथपा झांकडी प्रोजैक्ट के बारे में मुख्य मंत्री महोदय ने हाउस में यह आ वासन दिया था कि नाथपा झांकडी प्रोजैक्ट भाुरू हो रहा है और हरियाणा को अपने हिस्से को बिजली वहां से मिलेगी। अभी तक वे डिबेटस छपी तो नहीं हैं, अगर हमारे पास होतीं तो हम उनको बतलाते। इसलिए हमारी रिक्वैस्ट है कि मुख्य मंत्री महोदय की उस पिछली स्टेटमैंट को यहां हाउस में कोट किया जाए। अब मंत्री महोदय यह कह रहे हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है कालोनीज बन रही हैं, सडकें बन रही हैं ? (व्यवधान)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि फरीदाबाद सेमीनार में न मैंने निरा ाा प्रकट की थी और न ही कोई आ ाा प्रकट की थी। ऐसी कोई बात नहीं है। जो फेकचुअल बात थी, मैंने वही सेमीनार में कहीं थीं।

अगर मैं उस सेमीनार में फ्रैंक विचार प्रकट न करता तो ठीक नहीं था। मेरे दोस्त यह चाहते हैं कि मैं कहता कि सब ठीक है। न सब ठीक है, न ही सब खराब है। जहां तक कमेटी मीटिंग अटैंड करने का सवाल है, बिजली बोर्ड के सभी मैम्बर्ज और चेयरमैन स्वयं मीटिंग अटैंड करते हैं।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, पहले भी अखबारों में आया है कि लोगों को, उपभोक्ताओं को पूरी बिजली नहीं मिल रही है। इसका कारण यही है कि हमें सैंट्रल पूल से जितनी जितनी मिलनी चाहिये थी, वह नहीं मिल पा रही है। अगर यह बात ठीक है तो अब तक सरकार ने उपभोक्तआों को बिजली दिलवाने के लिये क्या प्रबंध किया है ? इसके लिए सरकार की तरफ से क्या कदम उठायें जा रहे हैं ? नम्बर दो, जो थर्मल प्लांट बनाए हैं उसके बारे में सभी जानते हैं कि कोयले और तेल की जरूरत पडती है और इससे तैयार की गई बिजली भी बहुत महंगी पडती है। इन हालात में क्या सरकार हाइडल प्रोजैक्टस को प्रियोरिटी देगी ? क्योंकि हाइडल की बिजली की कास्ट हमें 10 पैसे प्रति यूनिट पडती है और थर्मल की एक रूपया या डेढ रूपया प्रति यूनिट पडती है। क्या सरकार सस्ती बिजली लोगों को सप्लाई करेगी ? अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बताया कि भाुश्क क्षेत्रों में 10 घंटे प्रति दिन बिजली दी जा रही है और बिना भाुल्क वाले क्षेत्र में 8 घंटे प्रति दिन दी जा रही है। पहले भाुश्क इलाके में ये रोजाना 3–4 घंटे फालतू बिजली देते रहे हैं लेकिन अब केवल दो

घंटे ही फालतू दे रहे हैं। क्या सरकार शुष्क इलाकों को और ज्यादा बिजली देने का प्रयत्न करेगी ?

इन्होंने आगे बताया कि 1983–84 में 220 के0वी0 के 2, 132 के0वी0 के 3, 66 के0वी0 के 4 और 33 के0वी0 के 3 स्टे ान बनाए गए। मैं जानना चाहता हूं कि ये स्टे ांज कहां कहां पर बने हैं ? हमारा रेतीला इलाका है और ट्रांसमी ान लाइन इतनी ओवर लोडिड हैं कि अगर 24 घंटे बिजली मिले तो वह 10 घंटे भी बर्दा त नहीं कर सकती, उसके बारे में सरकार क्या कर रही है ?

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः अध्यक्ष महोदय, इनका पहला सवाल यह है कि हमें केन्द्र पूल से बिजली पूरी नहीं मिलती। अध्यक्ष महोदय, इस मामले में हम कभी भी सन्तुश्ट नहीं होंगे। अगर हमें पूरी बिजली मिलेगी तो भी हम कोि ा ा करेंगे कि हमें और ज्यादा बिजली मिले। बिजली में डैली फलैकयुए ान रहती है। कभी कम मिलती है तो कभी पूरी मिलती है। इस बारे में हम लगातार आवाज उठाते रहते हैं। मुख्य मंत्री जी जब भी दिल्ली जाते हैं, वे एनर्जी मिनिस्टर साहब और प्राइम मिनिस्टर साहब का ध्यान इस तरफ दिलाते रहते हैं जब हमें दूसरी जगहों से कम बिजली मिलती थी तो उस वक्त हमें केन्द्र पूल से 10–20 लाख यूनिट प्रति दिन ज्यादा मिली है। दूसरी बात इन्होंने हाइड्रे प्रोजैक्टस को प्रियारिटी देने के बारे में कही। अध्यक्ष महोदय, इनके इलाके में पहाड हैं और उनमें पानी नहीं है। हाइडल की बिजली वहां पर कैसे बनेगी, इसका मुझे तो पता नहीं। ये ज्यादा

समझदार हैं इनको पता होगा। माइक्रो हाइडल प्रोजैक्टस हम लगा रहे हैं, वे भी उन्हीं जगहों पर लग रहे हैं जहां पर पानी का फाल है। इस तरह की स्कीम जमना पर बरोटी वाला के स्थान पर बनाई है।

श्री हीरा नन्द आर्यः नाथपा झांकडी के बारे में भी बताएं।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः नाथपा झाकडी का प्रोजैक्ट अब सैवन्थ प्लान में आएगा। उसके लिये टोटल 1800 करोड रूपये चाहिएं। सरकार हर प्रोजैक्ट पर पब्लिक एक्सचैकर के द्वारा ही खर्चा करती है। सरकार के पास अपना मिनट तो है नहीं कि एकदम नोट छाप कर दे दें। इस खर्चे में 400 करोड रूपया हरियाणा का हिस्सा हैं

से मुझे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जिस ढंग से अप्वांयटमैंट की गई है, मैं इसके बारे में प्रैस में स्टेटमैंअ दूंगा कि यह गलत अप्वायंटमैंट हुई है। मैंने उस दिन प्रैस स्टेटमैंट दी थी। चाहिये तो यह था कि विधान सभा में जो सीनियर कर्मचारी हैं, उन्हीं में से परमो ान दी जाती। डिप्टी स्पीकर साहब, बहुत कम स्कोप यहां के लोगों को परमो ान का है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप इनके हितौं के रखवाले हैं, इंचार्ज हैं, जिस आदमी का परमो ान के लिये नम्बर पडता था जो सीनियर था, उसी का इस परमो ान के लिये हम बनता था। अगर किसी कारण से जवायंट सैक्रेटरी का रिकार्ड खराब था, वैसे मैं यह कहता तो नहीं कि इनका रिकार्ड खराब था, भाायद हो या किसी और वजह से उनको परमो ान न देनी हो तो उससे अगले आदमी डिप्टी सैक्रेटरी को परमो ान दी जा सकती थी। यदि किसी वजह से उनकी परमीट नहीं करना था तो उससे अगले आदमी को ही परमोट किया जा सकता था। डिप्टी स्पीकर साहब, मौजूदा सैक्रेटरी साहब की आयु लगभग 46 वर्श है, हम तो यह चाहते हैं कि वे जुगजुग जीएं, सौ साल की उनकी उम्र हो और जब ये रिटायरमैंट के मौके पर आएंगे, तब तक यह जो दूसरा स्टाफ है, यह बहुत दूर तक निकल चुका होगा। भाायद कुछ तो इस जहान में भी न रहे होंगे, लेकिन जिन लोगों का परमो ान की आस बंधी हुई थी, जो इस तरह की आ ाएं लगाये बैठे थे, और यह कह रहे थे कि अब मेरा नम्बर आ गया है, वे बेचारे पूरी तरह से निरा ा हो चुके हैं, गुजारे के लिये ही यहां बैठे हैं। खिंचाई में ही काम कर रहे हैं लेकिन मन

उनका प्रसन्न नहीं है। जब सारी कंवै ाज को, सारी ट्रेडी ांज को फ्लाउट करके ऐसी अप्वायंटमैंट की गयी हो तो आप ही बताइयें कि दूसरे कर्मचारी बेचारे क्या कर सकते हैं ?

श्री उपाध्यक्षः चौधरी साहब, अब आप अपने चौथे प्वायंट पर आईये।

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, अभी तो मेरा तीसरा प्वायंट रहता है।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः चौधरी साहब, बाकी का आप इलैक ान जलसों में बोल लेना। (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला को तो यहां हाउस में बोलने की छूट है और हमें यह कहते हैं कि जलसों में बोल लेना। मैं गुजारि ा कर रहा था कि इन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में स्पीकर साहब की कसैंट ली जाती है लेकिन स्पीकर साहब को यह चाहिये था कि अप्वायंटमैंट करते समय अपने स्टाफ को ध्यान में रखते हुए सरकार को लिखते लेकिन कुछ नहीं किया गया। कई केसिज में पब्लिक सर्विस कमी ान भी बीच में आता है। अगर स्पीकर साहब, थोडा सा महसूस करते कि विधान सभा के आदमियों को जिनके हक बनते थे, उनको इग्नौर किया जा रहा है, तो कम से कम उनके बारे में सरकार को लिखते कि आप बाहर से आदमी क्यों अप्वायंट कर रहे हो। इस विधान सभा के स्टाफ का क्या बनेगा। लेकिन इस बारे में

स्पीकर साहब बिल्कुल भाांत रहे। स्पीकर साहब, अगर चाहते तो सरकार को यह लिखकर भेज सकते थे कि आपके फैसले में रजामंद नहीं हूं।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको बताता हूं कि आज ही हाई कोर्ट की एक जजमैंट अखबार में छपी है। भाायद आपने आज अखबार में पढा होगा। आप भी अच्छे वकीलों में स्थान रखते हैं आपको पता है कि इस जजमैंट में एम0एल0एज0 के फ्लैटस की अलाटमैंटस के बारे में क्या लिखा है। (व्यवधान) इस जजमैंट को ध्यान में रखते हुए हम स्पीकर साहब के खिलाफ नो कंफीडैंस का मो ान लेकर आये हैं।

श्री उपाध्यक्षः चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी, यह प्वायंट आपके मो ान में नहीं है। ऐसी कोई बात मो ान में नहीं है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अगर मैं इन बातों को यहां पर एक्सप्लेन न करूं तो आप ही हमें गाइड लाईन दे दीजियेगा जिन पर हमें बोलना चाहिये। उस जजमैंट के आधार पर एक मैम्बर अपने रैजीडैंस परटेलीफोन लगवाने का हकदार है लेकिन बदकिस्मती से श्री लछमन दास कम्बोज एक गरीब घराने में पैदा हुआ है, छोटे से गांव में पैदा हो गया और झोंपडी में कच्चे घर में रहता है। (व्यवधान)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः नारनौंद में रहता तो भाायद पक्के मकान में रहता।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अगर नरवाना में भी रहता तो भी वह फैसिलीटीज का हकदार था लेकिन वह बेचारा हांसू माजरा में पैदा हो गया। इन्होंने यह कहा कि हम इसलिये टेलीफोन नहीं लगा सकते क्योंकि इसके ऊपर लगभग एक लाख रूपये खर्चा बैठेगा। मैं इस सरकार से आपके माध्यम से पूछता हूं कि क्या फायदा है। एम0एल0एज0 को इतनी सहूलियात देने का ? डिप्टी स्पीकर साहब, हम इस हाउस के मैम्बर होने के नाते आपकी प्रोटेक ान के नीचे हैं और आपका यह फर्ज बनता है चाहे आप डिप्टी स्पीकर हो या स्पीकर हो, आप हमारे राईटस को प्रोटैक्ट करें लेकिन यहां पर एम0एल0एज0 के राईटस को गार्ड नहीं किया जाता। यदि आप भी बोइंग एक नार्मल हयूमन बीइंग यह सोचें कि आपके राईटस सेफगार्ड नहीं होंगे तो आपके मन में भी तरह तरह की भांकाएं उत्पन्न होगी और आपको मन भी दुःखी होगा। चौधरी देवी लाल जी और श्री कम्बोज जी को टेलीफोन की फैसिलिटीज नहीं दी जा रही है और प्ली यह लेते हैं कि खर्चा बहुत होता है। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब मैं आपके द्वारा सरकार से यह कहूंगा कि आप एम0एल0एज. को दी गयी सभी प्रिवलेज विदड्रा करवा लीजिएगा। (व्यवधान) मैं तो ट्रेजरी बैंचिज के भाइयों को और वि ोशकर मुख्य मंत्री महोदय को यह कहूंगा कि इस रवैये को त्यांगे क्योंकि उनके सिवाये और तो किसी की वहां पर चलती नहीं है। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, प्रिंसीपल भाई ई वर सिंह जी बैठे हैं। जिस दिन यह नहीं विधान सभा बनी थी उस दिन से

ये उन्हें स्पीकर बनाने ले रहे हैं और दो साल तो इनहों इसी तरह से गुजार दिये। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी साहब, इसकी इससे क्या रैलेवैंसी है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः इसकी रैलेवैंसी यह है कि सरदार तारा सिंह जी को मिनिस्टर बना देंगे और इनको स्पीकर बना लैंगे। बस इन्हीं चन्द भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

13.00 बजे।

श्री मंगल सैन (रोहतक): डिप्टी स्पीकर साहब, आज बडे ही भारी मन से हम इस प्रस्ताव पर अपनी बात कहने जा रहे हैं। हमें बडा अफसोस है कि डैमोक्रेटिक इंस्टीटयू ान को मजबूत करने का हमारा संकल्प होते हुए भी यहां पर कुछ बातें बडी अन प्लैजैंट हो जाती है। नाखु ागवार बातें घट जाती हैं जिसके कारण हमने यह फैसला किया है कि स्पीकर साहब के खिलाफ नो कांफैंडैंस मो ान लाया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, आज जब से इस मामले पर बात भाुरू हुई है, तब से हमारे सभी राईटस का इरोजन हुआ है। कौल एण्ड भाकधर ने अपनी पुस्तक में साफ लिखा है कि अगर किसी प्रिजाइडिंग अफसर के खिलाफ यानी स्पीकर के खिलाफ कोई नो कन्फीडैंस मो ाना लाना हो तो उसके लिए 14 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिये। यह एक

सिस्टम हैं हमारे रूल्ज में भी यही प्रोवीजन है कि इस तरह के मामले के लिये 14 दिन का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है। इस तरह के नोटिस का स्पीकर साहब बाकायदा एग्जामिन करते हैं और अगर वह इन आर्डर हो तो इसे एडमिट करते हैं लेकिन इन्होंने हमारा मो ान 14 दिनों के बाद टेक अप करने की बजाये आज ही एडमिट कर लिया और उस पर बहस भी हमारे ऊपर आज ही थोप दी जो कि रूल्ज के खिलाफ है। डिप्टी स्पीकर साहब, हम स्पीकर साहब के खिलाफ इसलिये नो काफीडैंस मो ान लाए हैं कि उन्होंने हेस्ट में रूल फलाउट किए हैं हमारे हम तलब किए हैं और कौल एण्ड भाकधर की एस्टैब्लि ा की हुई प्रैक्टिसिज को जान बूझ कर इग्नोर किया है। आज हमारा भाक वि वास में बदल गया है। मैं चौधरी भजन लाल जी से कहूंगा कि वे मंत्रियों के साथ तो जैसा भी व्यवहार करें लेकिन अध्यक्ष पद को सम्मानित ही रहने दें। इसको अपनी मंत्री परिशद का हिस्साच न बनाएं और इनको अच्छी मिसालें कायम करने के लिये कहें। डिप्टी स्पीकर साहब, आपने तो ब्रिटि ा पार्लियामैंट की प्रैक्टिस विस्तार से पढी होगी, उसमें लिखा है – 'Once a Apeaker always a Speaker'. जिन्दगी में एक बार स्पीकर बनने के बाद उसका मुकाबिला कोई नहीं करता, वे निर्विरोध चुन कर आते हैं। वे सदन में सबके सम्माननीय होते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं पुरानी बातों की और नहीं चाहता। मैं भजन लाल जी को याद दिलाना चाहता हूं कि 1962 में ये भाायद किसी ग्राम सभा के प्रधान होंगे। बजट सै ान 1962 क बात है उस समय सरदार

प्रताप सिंह कैरों मुख्य मंत्री हुआ करते थे और सरदार गुरदयाल सिंह ढिलों स्पीकर थे। हमें गर्व है ऐसे आदमी पर हमने उस समय कहा था कि स्पीकर साहब हम आपके चुनाव का विरोध नहीं करते लेकिन सरदार प्रताप सिंह कैरों ने अपने सगे बहनोई को उनके मुकाबिले में खडा कर दिया था। तो भजन लाल जी हम तो अब भी वहीं बात कह देंगे कि आप अपने रि तेदार को स्पीकर के मुकाबले में खडा न कर देना। मैं तो प्रिवियस रिकार्ड और सारी हिस्टरी जानता हूं। स्पीकर साहब ने हमारे अवि वास प्रस्ताव को इसलिये रद्द कर दिया था कि चूंकि पहले हमने उसको दिया फिर वापिस ले लिया और उसके बाद फिर दिया। मेरे पास इस बारे में रूलिंग हैं और मैंने ही 1971 में जब बंसी लाल जी चीफ मिनिस्टर थे, उनकी मिनिस्टरी के खिलाफ नो कन्फीडैंस मो ान दिया था। यह मो ान आप विधान सभा की डिबेटस वाल्यम 1, नम्बर 1, दिनांक 13.2.70 में देख सकते हैं। यह मो ान हमने 13.2.79 को रखा था और फिर विदड्रा कर लिया था और स्पीकर साहब ने विदड्रा होने दिया था। जब हमने दोबारा मो ान दिया तो फिर एडमिट कर लिया। नो कन्फीडैंस मो ान की सैंस यह है कि डैमोक्रेटिक सैट आप में मंत्री परिशद में कभी वि वास और कभी अवि वास पैदा हो सकता है। एक ऐसा मौका भी आ सकता है कि हैड आफ दि गवर्नमैंट अच्छा काम कर दे और सारा हाउस उसके साथ हो जाए। कभी ऐसा काम भी हो सकता है जिसके खिलाफ पाट्री के सारे लोग बागी हो सकते हैं। इस तरह बात ऊपर नीचे होती रहती है। इसलिये यह कहना कि पहले जो

नोटिस दिया था वह विदड्रा कर लिया गलत है। हम बलपूर्वक कहना चाहते हैं with all the force at our command, कि काल अटैं ान मो ान एडजर्नमैंट मो ान, रूल 84 का मो ान या सप्लीमैंटरी ऐस्टीमैंटस पर डिस्क ान, ये सारे मीनज अपनी अपनी, जगह अपनी अपनी इम्पोर्टैंस रखते हैं और नो कन्फीडैंस मो ान अपनी जगह पर इम्पोर्टैंस रखता है। ऐसा करके स्पीकर साहब ने हमारे साथ ज्यादती की। He has played in the hands of the ruling party. We have tabled a not confidence motion against him. Otherwise we have no right to say like this, Sir. तो मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि उन्होंने रद्द करने का यह एक बहाना लगाया कि 1981 में बंगलौर प्रिजाइडिंग आफिसर्ज की मीटिंग में यह फैसला हुआ था। श्री वीरेन्द्र सिंह जी, बहिन चन्द्रावती जी और मैं तीनों इस मामले को लेकर हिन्दुस्तान की पार्लियामैंट के स्पीकर के पास गये। उन्होंने बैठते ही कहा कि तारा सिंह जी ने बहुत बुरा किया था। मैंने उनसे नाराजगी जाहिर की है कि इन्होंने यह अच्छा नहीं किया था, इन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। पार्लियामैंट के स्पीकर भी इस बात को एप्रूव नहीं कर रहे हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि डैमोक्रेसी में अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का क्या तरीका है ? अगर आप हमारी वाजब बात भी न मानें, कौल एण्ड भाकधर की किताब को भी यह कह कर एक तरफ रख दिया कि मैं इसको नहीं मानता तो फिर फरियाद करने का और क्या तरीका है ? Democracy is the best system in the prevalent systems of Government and in this

system, one can express his views and ventilate his grievances. दूसरे मुलकों में तो थोडे से कसूर के लिए आदमी को सूली पर टांग दिया जाता है। जो आदमी दूसरे को सूली पर टांग देता है। एक दिन उसका नम्बर भी आ जाता है। इसलिये जिन लोगों ने अपनी जिन्दगी में कुर्बानियां दी थीं, उन्होंने हमें यह संविधान सौंपा है। बडे अफसोस की बात है कि उस दिन हमारी बात सुने बिना, रूलिंग देकर स्पीकर साहब चले गये। हमने जो कहा था वह जायज कहा था। अगर वे सच्चे गुरू के ि ाश्य हैं तो सौंगंध खाकर कह दें कि वे फतेहाबाद के चुनाव में नहीं गये थे। अगर वे गये थे तो उनको इस कुर्सी पर बैठना भाोभा नहीं देता, अस्तीफा देकर चले जाएं। हम कोई ग्रलत बात नहीं कहते। भाई वीरेन्द्र सिंह ने सैक्रेटरी साहब की बात कही। ठीक हैं, वे सज्जन आदमी हैं। व्यक्ति से हमें कोई दु मनी नहीं है। सवाल तो यह है कि अप्वायंटमैंट का कोई सिस्टम होता है और इसके लिये बाकायदा कायदे कानून बने हुए हैं। हरियाणा विधान सभा स्टाफ के सर्विस रूल्ज के रूल 7 में लिखा है –

"Appointment to the posts in the Service shall be made-

(a) in the case of Secretary, by the Governmnet in consultation with the Speaker; and ....."

डिप्टी स्पीकर साहब सैक्रेटरी की रिक्वीजिट क्वालिफिके ान्ज क्या हैं, इसके बारे में अपैंडिक्स (बी) में लिखा है –

"(1) Law Graduate.

(2) Eight years experience in a Supervisory capacity involving practical knowlede of Secretariat administratration, parliamentary procedure and Rules of Legislative Assembly.

(3) Adequate knowledge of Hindi."

Mr. Deputy Speaker: Speaker is only consutled .....

Sh. Mangal Sein: I have every right to quote the rule which empowers the Speaker to recruit the Secretary. I am very sorry, Sir, you are interrupting me at this stage.

Mr. Deputy Speaker: He is not the appointing authority of the Secretary. He is to be consulted only.

Sh. Mangal Sein: That is right. But if anything has been done in consistent with the rules and if anything wrong has been done, I have every right to speak. We have moved a motion of no confidence against the Speaker. The Speaker is the concurring authority. Without his concurrence, the Govt. has not power to appoint the Secretary. It is a mandatory provision. This is my humble submission.

मेरे लायक दोस्त की न तो सुपरवाइजरी कैपेसिटी थी और न ही 8 साल का तजुरबा था। यह किन हालातम में किया गया कौन सी ऐसी जरूरी बात थी ? यहां पर बडे सीनियर लोग हैं और बडे कम्पीटैंट लोग हैं, इनमें से ही किसी को लगा लिया जाता। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता, सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि यह एक इररैगुलैरिटी हुई है। मैं जानना चाहता हूं

कि क्या इस पोस्ट के लिए पब्लिक सर्विस कमि ान के सामने इन्टरव्यू दी गई, क्या गवर्नमैंअ ने या स्पीकर साहब ने यह पोस्ट एडवरटाइज की ? इस बारे में एनलाइटन कर दें तो हम मान जाएंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं 1957 से एम0एम0ए0 बनता आ रहा हूं। उस समय हमारे सदन के स्वर्गीय श्री कुलदपी चन्द बेदी, सैक्रेटरी हुआ करते थे। हमें बडा नाज है उन पर। वे बडे कम्पीटैंट सैक्रेटरी थे। वे नए मैम्बर्ज को बहुत अच्छी तरह से गाइड किया करते थे। डिप्टी स्पीकर साहब, उस समय मैम्बर्ज द्वारा किए गए सवालों की हत्याएं नहीं हुआ करती थी। आज हम जो भी सवाल पूछतें हैं उनकी हत्याएं हो रही हैं। हमने रूल 84 के तहत एच0एस0ई0 के बारे में डिस्क ान के लिए एक मो ान दिया था। उस समय बिजली बोर्ड के एक ज्वायंट सैक्रेटरी ने यह फरमा दिया कि यह बिजली बोर्ड का इंटरनल मामला है। डिप्टी स्पीकर साहब, इनको इस तरह की बातें कहना भाोभा नहीं देता। बिजली बोर्ड गरीब जनता के खून पसीने की कमाई के पैसे से चल रहा है। वह किसी मंत्री या मुख्य मंत्री के घर के खजाने से नहीं चल रहा हैं

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, इनके 40 मिनट तो हो चुके हैं। (ाोर)

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, हम जो भी बात कह रहे हैं वह टू दि प्वायंट कह रहे हैं। उसमें कोई रैपिटी ान

नहीं है। (ाोर) इसलिये मेरे बोलने पर पाबंदी नहीं लगनी चाहिए। (ाोर)

Mr. Deputy Speaker: But you cannot be given more time at the cost of others. You please come to the points given in the motion and do not touch other issues.

Sh. Mangal Sein: Sir, you can extend the sitting. It is an important matter and I have to place my views on these points. डिप्टी स्पीकर साहब, विधान सभा सैक्रेटेरिएट के अंदर अनियमितताएं चल रही हैं। कई इम्पलाईज हाई कोर्ट में गए। डिप्टी स्पीकर साहब, रिक्रूटमैंट करने का सिस्टम होना चाहिए। हम हर रोज इस सैक्रेटेरिएट में नए चेहरे देखते हैं हमें यह समझ नहीं आता कि यह वाच एंड वार्ड स्टाफ का आदमी है या कोई और जगह से आया है। इस सैक्रेटेरिएट में बडी हरासमैंट है। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले में फैक्टस जानने के लिए हाउस की एक कमेटी बना दी जाए और उसमें हमें बुला लिया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, सितम्बर सै ान में हमने इस सरकार के खिलाफ जो नो कांफिडैंस मो ान दिया था, वह स्पीकर साहब ने रिजैक्ट कर दिया था। उनको ऐसा नहीं करना चाहिए था। मैं यह बात कहना चाहता हूं कि इतने हाई आफिस के आदमी को रूलिंग पार्टी के हाथों का खिलौना नहीं बनना चाहिए। कांस्टीच्यू ान ने उनको जो पावर्ज दे रखी हैं और हाउस ने जो पावर्ज दे रखी हैं। उन्हीं के हिसाब से उनको काम करना चाहिए। और उसी हिसाब से मैम्बर्ज के साथ व्यवहार करना चाहिए।

पक्षपात पूर्ण व्यवहार नहीं करना चाहिए। इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं और मैम्बर्ज साहेबान से यह रिकवेस्ट करता हूं कि हमने जो स्पीकर की रिमुवल का मो ान दिया है, वह पास होना चाहिए।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं संक्षेप में अपनी बात कहूंगा। (विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: All the three leaders form the opposition have spoken. Now let the Ch. Surjewala speak. (Interruptions).

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, आप हाउस का टाईम बढा दें। हमने जो मो ान दिया है उस पर बोलने के लिए अपोजी ान के मैम्बर्ज को पूरा मौका मिलना चाहिए। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी साहब, अपोजी ान के तीनों लीडर्ज अपनी स्पीच देकर अपनी मर्जी से बैठे हैं और अपनी सारी बातें कह कर ही बैठे हैं। (ाोर)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, आपने इस मो ान पर डिबेट के लिए केवल एक घंटा टाईम फिक्स किया था। 40 मिनट अपोजी ान पार्टी के लिए और 20 मिनट रूलिंग पार्टी के लिए। अपोजी ान पार्टी 40 मिनट बोल चुकी है। (ाोर)

श्री हरिचन्द हुड्डा: डिप्टी स्पीकर साहब, श्री खिलन सिंह नए मैम्बर हैं इसलिये इनको बोलने का समय दे दिया जाए। (ाोर)

Mr. Deputy Speaker: He is on a point of order. Please resume your seat.

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि अपोजी ान पार्टी को अपनी बात कहने के लिये जो 40 मिनट का समय दिया था वह टाईम पूरा हो चुका है। अब हमारी पार्टी को बोलने के लिए समय दिया जाए। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, आप श्री खिलन सिंह को बोलने के लिए दो मिनट का समय दे दें क्योंकि ये नए मैम्बर हैं। (ाोर)

Mr. Deputy Speaker: All right I will not give time to Sh. Khilon Singh, form the opposition.

चौधरी खिलन सिंह (हथीन): डिप्टी स्पीकर साहब, जिस समय मैं स्पीकर साहब के चैम्बरी में मैम्बर चुने जाने के बाद भापथ लेने आया तो उस समय स्पीकर साहब के पक्षपातपूर्ण रवैये की कहानी मेरे साथ घटित हुई थी। इस समय के जो स्पीकर हैं, वे सरकार के दबावज में आ कर पक्षपात का रवैया अपनाते हैं डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे सुप्रीम कोर्ट ने इलैक्टिड डिक्लेयर किया है और जिस दिन मैं स्पीकर साहब के चैम्बर में भापथ लेने के

लिये आया तो उस समय मेरे साथ बहन चन्द्रावती जी, श्री सुजान सिंह जी और श्री रो ान लाल आर्य आए थे। उस समय मुझे भापथ दिलवाने की बजाये स्पीकर साहब ने सरकार के दबाव में आकर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और अपने चैम्बर से बाहर चले जाने के लिए कहा था तथा मेरे साथ बहुत बुरी तरह से पे ा आए। (अपोजी ान की ओर से भोम भोम की आवाजें) डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे स्पीकर साहब सरकार के दबाव में आकर अपोजी ान के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हैं और हाउस का सारा काम सरकार के दबाव में आकर करते हैं। (ाोर)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं संक्षेप में कुछ बातें कहना चाहूंगा। हमारे स्पीकर साहब सरदार तारा सिंह जी 26 जून 1982 को सर्वसम्मति से स्पीकर चुन गए थे और उस वक्त इनकी तारीफ में जो भाब्द कहे गऐ थे, वे सारे रिकार्ड पर हैं। उस समय सभी मैम्बर्ज साहेबान ने इनकी बहुत तारीफ की थी। मैं उन बातों के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। लेकिन सरदार तारा सिंह जी के स्पीकर चुने जाने से लेकर अब तक उन्होंने जहां तक मुमकिन हो सका है, वह हर प्रकार से इम्पा ाल रहे हैं। इन्होंनें हाउस की कार्यवाही पूरे तौर पर अच्छी तरह से चलाने की पूरी कोि ा ा की है और उन्होंने बडे बेहतरीन तरीके से हाउस की कार्यवाही चलाई हैं डिप्टी स्पीकर साहब, जब से सरदार तारा सिंह जी स्पीकर चुने गए हैं, उस समय से लेकर अब तक के कुछ आंकडें

देकर हाउस को बताना चाहूंगा। जून 1982 से लेकर अब तक जितने भी सै ान हो चुके हैं। उनमें उन्होंने अपोजी ान को बोलने के लिए जो समय दिया है वह मैं आपको बता देता हूं। (ाोर)

Sh. Verender Singh: Sir, when we, the opposition members, were speaking you asked us not to go beyond the four points mentioned in the No confidence Motion. But he is going beyond that.

श्री उपाध्यक्षः आप इनको अपनी बात कहने दें।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, जून 1982 से लेकर अब तक जितने भी विधान सभा के सै ान हुए हैं, इनमें जो अपोजी ान पार्टी को बोलने के लिए जो समय दिया उसके बारे में बताना चाहता हूं जितने भी सै ान हुए उनमें अपोजी ान पार्टी को बोलने के लिए 33.13 घंटे टाईम मिलाच और रूलिंग पार्टी को 25.3 घंटे टाईम मिला। इस टाईम में वह टाईम भाामिल नहीं है जो क्वै चन आवर और जीरो आवर का होता है। इसी प्रकार इस सै ान में अब तक अपोजी ान पार्टी को बोलने के लिए 2 घंटे 47 मिनट टाईम मिला है और रूलिंग पार्टी को एक घंटा 8 मिनट टाईम मिला है। डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजी ान वालों ने जो मुद्दे उठाए हैं, इनमें कोई सबस्टांस नहीं है (ाोर) ?

Dr. Bhim Singh Dahiya: Why is the being permitted to say such things ?

Mr. Deputy Speaker: Let us confine to these four points.

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, जो इल्जाम स्पीकर साहब पर इन्होंने लगाये हैं; वे गलत तौर पर लगाये गये हैं। जो इल्जाम इन्होंने लगाये हैं उनके बारे में मैं संक्षेप में ही कहना चाहूंगा। उपाध्यक्ष महोदय, पिछली बार तो दिन का सै ान था। सै ान भाुरू होने पर इन्होंने अपनी मो ान दी थी लेकिन फिर उस मो ान को वापिस ले लिया था। (ाोर)

श्री मंगल सैनः हम वापस ले सकते हैं।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः उस समय तीन दिन का सै ान था लेकिन इनके कहने पर ही स्पीकर साहब ने 4 या 5 दिन का सै ान किया था। उस समय हाउस के सामने बडे इम्पोर्टैंट मो ान थे। जैसे सप्लीमैंटरी एस्टिमटस, एप्रोप्रिए ान बिल, बाढ की समस्या, एस0वई0एल0 तथा एम0डी0यू0 के बारे में काफी मो ान्ज थे जिन पर विस्तार से बहस हुई थी और गवर्नमैंट को क्रिटीसाईज करने का पूरा मौका मिला था।

डा0 भीम सिंह दहियाः यह गलत बात कह रहे हैं कि उस दिन एम0डी0यू0 पर भी डिस्क ान हुई थी। उस पर बोलने के लिए हमें समय नहीं दिया गया क्योंकि हाउस को एडजर्न कर दिया गया था।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: दहिया साहब, मैं हाउस की डिबेटस का जो रिकार्ड है, उसी के आधार पर आपको बता रहा हूं।

बैठक का समय बढ़ाना

Mr. Deputy Speaker: It is the sense the House the time of the setting be extended by 15 minuts ?

Voices: Yes.

Mr. Deputy Speaker: The sitting is extended by 15 minuts.

अध्यक्ष के विरूद्ध अवि वास प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: ठीक है जी, आपने समय बढा दिया। अभी मुख्य मंत्री जी ने भी बोलना है। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि उस समय इन्होंने नो कांफीडैं ा मो ान भी 16 तारीख को ही दिया था।

श्री मंगल सैन: हमने अपना मो ान 16 तारीख को नहीं दिया था बल्कि 15 तारीख को दिया था।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: इन्होंने एक आरोप यह लगाया है कि विधान सभा के सैक्रेटरी की जो एप्वायंटमैंट की

है वह ठीक ढंग से नहीं की गयी। इस मामले में भी इन्होंने स्पीकर साहब को इन्वाल्व किया है। मैं इन्हें बताना चाहूंगा कि सैक्रेटरी विधान सभा को स्पीकर एप्वायंट नहीं करता बल्कि गवर्नमैंट एप्वायंट करती है। इस केस में सैक्रेटरी साहब की एप्वायंटमैंट करने से पहले सरकार ने स्पीकर साहब को कंसल्ट कर लिया था और पब्लिक सर्विस कमी ान को एप्रूवल ले ली थी। (ाोर) स्पीकर साहब को कंसल्ट करके ही सैक्रेटरी की एप्वायंटमैंट की गई है। स्पीकर साहब की ओर गवर्नमैंट की क्या बात हुई, वह इस समय यहां पर डिस्कलोज नहीं की जा सकती। (ाोर)

Smt. Chandravati: Everything can be disclosed here, Sir.

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहूंगा कि अभी इन्होंने कहा है कि स्पीकर साहब और पब्लिक सर्विस कमी ान की गवर्नमैंट के साथ क्या क्या कारस्पौंडैंस हुई हैं, वह यहां पर डिस्कलोज नहीं हो सकती। मैं जानना चाहूंगा कि क्या यह अगस्ट हाउस यह जानने के लिए कम्पीटेंट नही है कि सैक्रेटरी साहब की एप्वायंटमैंट के मामले में स्पीकर साहब की और गवर्नमैंट की क्या बात हुई है ?

श्री उपाध्यक्षः अभी सुरजेवाला साहब ने बताया है कि सैक्रेटरी विधान सभा की एप्वायंटमैंट सरकार ने पब्लिक सर्विस

कमी ान की एप्रूवल और स्पीकर साहब के साथ कंसलटे ान करने के बाद ही की है। (ाोर)

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, तो हम जानना चाहते हैं कि क्या कन्सलेट ान हुई है ? (ाोर)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इन्हें बताना चाहूंगा कि प्रैजेन्ट जो सैक्रेटरी हैं, वे पूरी क्वालिफिके ान मीट करते हैं ये 9 साल तक वकालत करते रहे हैं। 6 साल का इनका बतौर डिप्टी डिस्ट्रिक्ट एटौर्नी का अनुभव है और 3 साल का डिस्ट्रिक्ट एटौर्नी का अनुभव है। इसके अतिरिक्त ये दो साल तक सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल भी रह चुके हैं।(ाोर)

श्री मंगल सैनः जो हम पूछ रहे हैं वह नहीं बताया जा रहा। (ाोर)

डा0 भीम सिंह दहियाः आप हाउस के सामने जो सैक्रेटरी विधान सभा का एप्वायंटमैंट लैटर हैं, वही पढ कर सुना दें। एप्वायंटमैंट लैटर में लिखा है कि रूल्ज में रिलैक्से ान दी गयी हैं।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः उपाध्यक्ष महोदय, अपोजी ान के पास कोई सबस्टांस नहीं, इसलिये ये बार बार इन्ट्रप्ट कर रहे हैं (ाोर) उपाध्यक्ष महोदय, इन लोगों के पास इन्ट्रप्ट करना ही सबसे बडा हथियार है। मेरा कहना यह है कि

वर्तमान सैक्रेटरी साहब की क्वालिफिके ान पूरी मीट करती है। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक हैरास करने के एलीगे ान का ताल्लुक है, कोई ऐसा एम्पलाई नहीं है जिसको हैरास किया हो, कोई भी स्पेसिफिक इन्स्ट्रांस नहीं है, न बोलने में है और न सुनने में है। (व्यवधान)

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, भाोर हो रहा है, ये लोग सुनने नहीं देते। (व्यवधान)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, डा0 मंगल सैन जी ने एक बात कही कि वे स्पीकर लोकसभा से मिले थे और उन्होंने इनके बारे में नाराजगी प्रकट की है। प्रैस में भी आया है कि उन्होंने इनको रैप्रीमांड किया है मैं भी स्पीकर लोकसभा से मिला था और उन्होंने कहा था ..... (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, मंत्री जी हमारे बहुत ही सोबर संजीदा, और काबिल आदमी हैं। ये बोलते हुए अपनी पटडी से क्यों उतर रहे हैं ? अगर गुस्सा ही होना है तो मुख्य मंत्री जी पर होना चाहिए, हम पर नहीं। यह कमजोर केस इन्होंने आपको कैसे हैंड ओवर कर दिया ? (व्यवधान) आप आराम से बोलें, गुस्से में न बोलें।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः मैं आराम से बोल रहा हूं। आप सुनने की कृपया करें। डिप्टी स्पीकर साहब, 11

तारीख को सुबह 9 बजे मैं लोक सभा स्पीकर से मिलता था। उनसे बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि अखबारों मैं जो खबर छपी है वह ठीक नहीं है। लोक सभा के जो स्पीकर हैं, वे इनके बौस नहीं हैं। उनकी नजरों में सब बराबर हैं। उन्होंने ऐंसी कोई बात नहीं कही जैसा कि अखबारों में आया है।

श्रीमती चन्द्रावतीः डिप्टी स्पीकर साहब, हम भी माननीय अध्यक्ष लोकसभा से मिले थे और हम उनकी बडी इज्जत करते हैं। हमारे सामने श्री तारा सिंह के खिलाफ जो इन्होंने नाराजगी जाहिर की है, उस बात को कहना हमारा हक है .....

बैठक का समय बढ़ाना

श्री उपाध्यक्षः अगर हाउस सहमत हो तो सिटिंग का टाईम 15 मिनट के लिए और बढा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी, बढा दिया जाए।

श्री उपाध्यक्षः हाउस का टाईम 15 मिनट के लिए और बढाया जाता है।

अध्यक्ष के विरूद्ध अवि वास प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री लछमन सिंह (कालका): डिप्टी स्पीकर साहब, जब से हरियाण बना है, स्पीकर साहब के खिलाफ नो कांफीडैंस मो ान आई है। श्रीमती चन्द्रावती जी पैपसू के जमाने की पुरानी लैजिस्टर हैं, डा0 साहब भी पुराने लैजिस्टलेटर हैं, लेकिन यहां पर इनका उल्टा ही काम है। ट्रैजरी बैंचिज वालों को तो कुछ न कुछ गिला हो सकता है लेकिन अपोजी ान बैंचिंज वालों को किस चीज का गिला ि ाकवा हो सकता है ? मैं चीफ मिनिस्टर साहब से रिक्वैस्ट करूंगा कि जहां वे इतने लिबरल हैं, अगर वे सै ान को और दो दिन के लिए बढा देंगे तो कोई फर्क पडने वाला नहीं है। ऐसा करने से इनका गिला खत्म हो जाएगा। यह अच्छी परम्परा है, आगे के लिये ऐसी परम्परा डालें। वैसे भी यह बहुत पुराना रिवाज चला आ रहा है। आज स्पीकर साहब के खिलाफ नो कान्फिडैंस

की बात हाउस के सामने है। मैं अपोजी ान के काम की बात करूंगा, टाईम कम है, क्लोक इज रनिंग फास्ट। मैं लीडर आफ दी हाउस से रिक्वैस्ट करू।गा कि वे दो चार दिन के लिए हाउस बढा दिया करें, दो चार दिन में कुछ होने वाला नहीं है। स्पीकर इज ए डीसेंट परसन, बडे भारीफ आदमी हैं, वैसे भी वे हमारी तरफ देखते भी नहीं हैं, उधर ही वे देखते रहते हैं और उनकी हर बात मानते हैं। ये एलीगे ान जो इन्होंने लगाये हैं ये नो कांफिडैंस से कंसर्ड हैं। पहले उस वक्त मैम्बर साहिबान ने जो नो कांफीडैंस मो ान दी थी वह सरकार के खिलाफ थी वह उन्होंन विदड्रा कर ली थी। मैं समझता हूं कि उस वक्त There was a gap of communication between the opposition parties. उसमें और इस नौ कांफिडैंस मो ान में कम्युनिके ान का गैप है। डिप्टी स्पीकर साहब, भाायद आपको पता है एक बार सरदार प्रताप सिंह कैरों श्री य ा के साथ कार में जा रहे थे। एक साहा रोड पर इधर उधर जा रहा था कि एकदम कार के नीचे आ गया और मारा गया। सरदार प्रताप सिंह ने कहा कि आपने क्या देखा ? उन्होंने कहा कि वह मारा गया है। उन्हों पूछा कि क्यों मारा गया ? श्री य ा ने कहा कि पता नहीं। सरदार प्रताप सिंह कहने लगे कि इसलिये मारा गया कि वह समय पर डिसाईड नहीं कर सका। इसी तरह अपोजी ान वाले समय पर डिसीजन नहीं ले सके। डिसीजन कैसे लेते तीन दिन का सै ान था, इतने कम पीरियड में क्या कर सकते थे। बाकी जो बातें हैं, जैसे कि सैक्रेटरी की एप्वायंटमैंट की बात है, यह तो लेटर आन की बात है, उस वक्त की तो है नहीं,

लेकिन अगर ये वक्त पर सैटल कर लेते सी0एम0 साहब से मिल लेते या स्पीकर साहब से बात कर लेते तो बात बेहतर होतीं क्या एक ही एप्वायंटमैंट है जिसके पीछे आपने इतना झगडा कर लिया। यह अच्छा नहीं किया है। परम्परा के खिलाफ ऐसा काम करके आपने अच्छा नहीं किया। इस एप्वायंटमैंट के इलावा हरियाणा में और भी बहुत सी चीजें हैं जो हरियाणा में अनहोनी हो रही हैं। मेरे मन में बहुत सारे डाउटस क्रिएट होते हैं और कल गवर्नर एड्रैस पर बोलूंगा भी। बाकी जो मैम्बर बोले हैं, वे सभी वायस बोले हैं। इनको चाहिए यह था कि ये इस मो ान का विदड्रा कर लेते। स्पीकर के बारे में सब बातें कह ली हैं। स्पीकर के खिलाफ जो एलीगे ान लगाये, वे बिल्कुल गलत, निराधार रौंग एलीगे ान हैं, इनमें कोई वजन नहीं है। मैं चाहूंगा कि बजाये इसके कि ये सदन से वाक आउट करें। ये यह मान लें कि यह उनकी गलती है जो बेहतर होगा।

डा0 भीम सिंह दहियाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके नोटिस में दो बातें लाना चाहूंगा। स्पीकर साहब के खिलाफ जो नो कांफिडैंस मो ान आया है, मैं इसके हक में बोलूंगा चूंकि टाईम थोडा है इसलिये केवल दो ही बातें कहना चाहता हूं। सरदार लछमन सिंह जी ने ठीक बात कहीं है कि स्पीकर भारीफ आदमी हैं, हमें बोलने का टाईम देते हैं हम इस बात की कदर रकते हैं लेकिन इसके साथ ही साथ जो काम वे करते हैं, चाहे क्वै चन्ज डिसआउ करते हैं, चाहे मो ान डिसआलउ करते हैं,

यानी हर बात में यही झलक आती है कि वे उनकी बडी मजबूरी है। एक पार्टी के मैम्बर होने के नाते उनकी मजबूरी है क्योंकि इन्हें भी टिकट चाहिए। अभी डा0 मंगल सैन जी ने कहा था 'Once a Speaker always a Speaker'. ऐसा ब्रिटि ा में होता है, लेकिन यहां इसके बिल्कुल उल्ट हैं। यहां यह है कि Once a Speaker, never a Speaker. आप देखें, कमेटी रूम में पिछले स्पीकर्ज की जो फोटोज लगी हुई हैं, उन फोटोज के नीचे स्पीकर बनने की तारीख लिखी हुई है। इन फोटोज से जाहिर होता है कि कोई एक हफ्ता कोई दस दिन स्पीकर रहे और बाद में मंत्री बन गये। आप पार्टी में होने के नाते से मजबूरी में बंधे हुए हैं, और इसी लिए हमें महसूस होता है कि हमारे साथ न्याय नहीं होता। हमने नो कान्फिडैंस मो ान दिया। इस पर इन्होंने दो बातें कहीं हैं। एक तो यह कि हाउस की प्रोसीडिंग इन्ट्रप्ट करने के लिए और सै ान की सिटिंग्ज बढाने के लिए नो कांफिडैंस मो ान दी है। उस दिन अपोजी ान की तरफ से दो मो ांज थीं। हमने कहा कि हम विदड्रा कर लेते हैं। आप एक मिनट भी सै ान को न बढायें, हम उसी दिन निपट लेंगे। लेकिन यह जा आज की औब्जर्वे ान है यह बिल्कुल गलत है क्योंकि सरकार नहीं चाहती थी कि नो कांफिडैंस आये, अगर आये तो इसको रद्द कर दिया जाए। इसके अलावा आप हर मीटिंग में जाते हैं, मुख्य मंत्री बुलाते हैं, चाहे फलड बारे में मीटिंग हो, चाहे ला एण्ड आर्डर की सिचुए ान पद मीटिंग हो, हमारी स्पीकर साहब वहां हाजिर होते हैं जैसे वे भी उनके कोई मंत्री या उनसे छोटे ओहदे के आफिसर

हों। मैं यह नहीं कहता कि स्पीकर की मजबूरी है। यह तो इन पर निर्भर है क्योंकि चीफ मिनिस्टर साहब को यानी रूलिंग पार्टी को चाहिए कि स्पीकर साहब को आजादी से काम करने दिया जाए। सैक्रेटरी भी उन पर थोपा जा रहा है। इसके इलावा डिप्टी स्पीकर साहब, विधान सभा में हमारे पास बैठने के लिए कोई कमरा नहीं है। हम 90 एम0एल0एज0 यहां वहां घूमते रहते हैं, कभी किसी अफसर के पास, कभी किसी एम्पलाई के कमरे में आकर बैठ जायें तो वह भी हाथ जोडता है .....

श्री उपाध्यक्षः मेरे वाला कमरा खाली रहता है, आप उसमें बैठ जाया करें।

डा0 भीम सिंह दहियाः डिप्टी स्पीकर साहब, कमाल की बात है, आपके ऐम्पलाईज बहुत टैरोराइज्ड हैं जिसके पास जाते हैं वह हाथ जोडता है कि मेरे पास न बैठो, मेरी ि ाकायत हो जाएगी और सरकार नाराज हो जाएगी। विधान सभा सचिवालय को गवर्नमैंट का सबसिडियरी डिपार्टमैंट नहीं बनना चाहिए जो कि अनफार्चुनेटली यह बन गया है। यही हमारा गिलाच ि ाकवा है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उपाध्यक्ष महोदय, बडे ही खेद और दुख का विशय है कि अपोजी ान की तरफ से स्पीकर के खिलाफ अवि वास का प्रस्ताव आ जाए। यह बहुत अच्छी बात नहीं है। आप जानते हैं कि स्पीकर साहब का ओहदा, स्पीकर की गरिमा और स्पीकर का दायित्व एक बहुत बडा दायित्व

है। चौधरी भाम ोर सिंह जी ने डिटेल से आपको बताया कि कितना लिबरल ऐटीच्यूड उनका अपोजी ान के साथ रहा है। अपोजी ान के मैम्बर्ज की संख्या एक तिहाई है और रूलिंग पार्टी के मैम्बर्ज की संख्या दो तिहाई है। अगर संख्या के हिसाब से टाईम दिया जाए तो एक तिहाई से फालतू टाईम इनका नहीं बनता लेकिन इन्हें हामरे से फालतू टाईम दिया गया। कई बार तो मैंने यह भी महसूस किया कि स्पीकर साहब ने इनकी न मानने योग्य बातें भी मानी हैं। (विघ्न) स्पीकर अगर इनके साथ ज्यादती करते हों तो उनके खिलाफ अवि वास का प्रस्ताव लाना मुनासिब बनता है। सरकार के खिलाफ भी ये अवि वास का प्रस्ताव ला सकते हैं ? यह इनका अधिकार हैं प्रजातंत्र ने और संविधान ने इनको यह अधिकर दिया हुआ है लेकिन हर बात की कुछ मर्यादा होती है, कुछ सिद्धांत होते हैं, कुछ असूल होते हैं। किसी आदमी के बारे कोई बात कहने से पहले बहुत गहराई से सोचना चाहिए कि इसका असर क्या होगा ? मेरे विचारानुसार इन्होंने ऐसा करके कोई मुनासिब बात नहीं की। इस मो ान को ऐडमिट करने के बारे में भी इन्होंने दो तीन आपत्तियां उठाईं एक बात इन्होंने यह कही कि इस मो ान पर आज डिस्क ान अलाउ नहीं होनी चाहिए थी लेकिन मैं कहता हूं कि यह स्पीकर साहब की उदारता है। जब एक चीज बनती ही न हो, जो ऐलीगे ान्ज लगाए गए हैं, उनमें सच्चाई न हो, इसके बावजूद भी इसे एडमिट करके इन्होंने एक बहुत बडा उदाहरण सारे हरियाणा में ही नहीं, बल्कि सारे दे ा के सामने रखा है ताकि उनके ऊपर बात में कोई उंगली न उठाए।

(विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने यह ऐलीगे ान लगाया कि इस मो ान र डिस्क ान 14 दिन के बाद होनी चाहिए थी। अगर इन्हें 14 दिन का समय दे देते तो यह कहते कि डिस्क ान के लिए टाईम कम मिला और हमारे आदमी तोड लिए। (विघ्न)

श्रीमती चन्द्रावतीः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी जो 14 दिन वाली बात कह रहे हैं, यह तो कांस्टिच्यू ान में लिखी हुई है कौल एंड भाकधर की पुस्तक प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर औफ पार्लियामैंट में भी लिखी हुई है। ये इन चीजों को नहीं मानते तो बात दूसरी है।

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बहिन जी को एक दो उदाहरण देना चाहता हूं। पंडित जवाहर लाल नेहरू जब प्रधान मंत्री थे तो मावलंकर जी स्पीकर थे। उनके खिलाफ अवि वास का प्रस्ताव आया था। पंडित जी ने कहा कि स्पीकर में वि वास व्यक्त किए बिना एक मिनट भी हाउस नहीं चलेगा। उसी समय उस पर दो घंटे तक बहस हुई। उस समय लोक सभा के 500 मैम्बर्ज थे और डिस्क ान के लिए केवल दो घंटे का समय निर्धारित हुआ था।

श्रीमती चन्द्रावतीः आप तारीख बताएं।

चौधरी भजन लालः तारीख 18.12.1954 हैं पंजाब असैम्बली का भी एक उदाहरण आपको बताता हूं। प्रबोध चन्द्र जी स्पीकर थे और सरदार प्रताप सिंह कैरों मुख्यमंत्री थी। जब

स्पीकर के खिलाफ उस सम नो कान्फिडैंस मो ान आया तो मुख्य मंत्री ने कहा कि इस पर अभी डिसक ान होनी चाहिए। (विघ्न)

श्री मंगल सैनः प्रताप सिंह कैरों उन्हें हराना चाहते थे। (विघ्न) आप इस बात को नहीं जानते। हम तो उस समय भी असैम्बली के मैम्बर थे।

चौधरी भजन लालः मैं चाहे मैम्बर नहीं था लेकिन उस समय गैलरी में बैठा हुआ था। (विघ्न)

श्रीमती चन्द्रावतीः मैं मैम्बर थी। (विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः आपको पास भी अगर इ ू हुआ हो तो सजा दोगे वह कबूल करूंगा। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः क्या सजा भुगतोगे ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः जो दी जाएगी।

चौधरी भजन लालः आप लिख कर स्पीकर साहब को दे दो।

श्रीमती चन्द्रावतीः डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी रौंग ऐम्जाम्ल साइट कर रहे हैं। मैं उस वक्त भी हाउस की मैम्बर थी।

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, ये इतनी देर बोलती रहीं लेकिन हम बीच में नहीं बोले (विघ्न) बहिन जी आप

पुरानी मैम्बर हैं। आपकी हम इज्जत करते हैं लेकिन उस इज्जत को बरकरार रहने दीजिए। हमें आपकी इज्जत न करने पर मजबूर न करें। आप इतनी देर बोलती रहीं आपके दूसरे साथी भी बोले हैं लेकिन हमारा कोई भी मैम्बर अगर बीच में बोला हो तो आप बताएं। आपको बीच में नहीं बोलना चाहिए। आपको बोलने का अधिकार है लेकिन चेयर से टाईम लेकर आपको बोलना चाहिए।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री उपाध्यक्षः अगर हाउस की सैंस हो तो समय दस मिनट और बढा दिया जाए ?

आवाजें: ठीक है जी।

श्री उपाध्यक्षः सदन का समय 10 मिनट बढाया जाता हैं

अध्यक्ष के विरूद्ध अवि वास प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने स्पीकर साहब के खिलाफ कुछ ऐलीगे ांज लगाए। सबसे पहले इन्होंने कहा कि वे फतेहाबाद के इलैक ान में और सफीदों के इलैक ान में गए। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर कोई अपने काम से कहीं जाता

हो तो उसे हम कैसे रोक सकते हैं ? हां, अगर वे कहीं कांग्रेस के जलसे में बोले हों तो मैं इस्तीफा देने के लिये तैयार हूं।

श्रीमती चन्द्रावतीः यह बात आप गीता के ऊपर हाथ रख कर कहें।

चौधरी नर सिंह ढांडाः सफीदों में तो कुन्दन लाल जी ने यह कहा था कि स्पीकर साहब इलैक ान के दौरान आ रहे हैं। (विघ्न)

चौधरी कुन्दल लालः यह गलत बात है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, यह इनका एक बहाना है। इलैक ान पैंटी ान में अपना केस मजबूत करने के लिए ही ये स्पीकर साहब को इस तरह से इनवौल्व करना चाहते हैं। (ाोर)

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी भजन लाल जी ने एक बात कहीं और बडी जिम्मेवारी से कही। इन्होंने यह कहा कि अगर यह साबित हो जाए कि स्पीकर साहब कांग्रेस के जलसे में बोले हों ये इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। इस बारे में मेरा सुझाव है कि इस हाउस की एक कमेटी बना दी जाए जो यह देखे कि सरदार तारा सिंह जी चुनाव के दिनों में फतेहाबाद के हल्के में गए या नहीं गए।

चौधर भजन लालः स्पीकर अपने काम से कहीं भी जा सकता है। हम उन पर कोई रोक नहीं लगा सकते। अगर उन्होंने पब्लिकली किसी प्लेटफार्म से कोई भाशण दिया हो तो ये बताएं। मैं जिम्मेवारी से यह बात कह सकता हूं कि उन्होंने किसी कांग्रेस के जलसे में भाशण नहीं दिया। इनका ऐसा कहना बडी गैर जिम्मेदाराना बात है।

श्री मंगल सैनः अगर अखबार में छपा हो तो ?

चौधरी भजन लालः हमने पढा नहीं। आपने कहीं छपवा दिया हो तो और बात है।

प्रो0 सम्पत सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, 11 तारीख को ऐरवां गांव के लोगों ने जब इनसे यह कहा कि सरदार तारा सिंह को वहां भेजा जाए तो इन्होंने खुद बोलते हुये यह कहा था कि वे बाकायदा आएंगे। उसके बाद सरदार जी वहां गए और मीटिंग को ऐड्रैस किया। इस बात के हम सबूत ला सकते हैं और एविडैंस प्रोडयूस कर सकते हैं (विघ्न)

चौधरी भजन लालः ये सब बेसलैस और बेबुनियाद बाते हैं इनके पास कोई सबूत नहीं है और न ही इसमें कोई सच्चाई है। (ाोर)

श्रीमती भाारदा रानीः डिप्टी स्पीकर साहब, यह पवित्र हाउस हे। एक तरफ मुख्य मंत्री जी कह रहे हैं कि स्पीकर साहब वहां नही गये और दूसरी तरफ से कहा जा रहा है कि वे गये हैं।

कोर्ट में इलैक ान पैंटी ान चल रही है वहां पर प्रूव कर दें कि वे गये हैं। सारा पता चल जायेगा कि वे गये थे या नहीं। (ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्यः मुख्य मंत्री जी कहते हैं कि आन ओथ कहने के लिए तैयार हैं। इनकी ओथ की कोई कीमत नहीं है। अगर स्पीकर सहब खुद आन ओथ कह दें तो हम उनकी बात मान लेंगे। (ाोर)

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजी ान के भाईयों ने दूसरा अल्जाम यह लगाया कि सरकार के खिलाफ जो अवि वास प्रस्ताव रखा था, उसे स्पीकर साहब ने ना मंजूर कर दिया था। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पहले दिन इन्होंने अवि वास प्रस्ताव सरकार के खिलाफ दिया और अगले ही दिन उस अवि वास प्रस्ताव को वापिस ले लिया। इन्होंने स्पीकर साहब से कहा था कि आपकी बडी मेहरबानी होगी अगर यह अवि वास प्रस्ताव वापिस दे दें। यह रिकार्ड की बात कह रहा हूं। आप बे ाक पता कर लें कि इन्होंने वापिस लिया था या नहीं। अगर यह वापिस उस समय न लेते तो इन्हें अपनी हैसियत का पता लग जाता। लेकिन जिस दिन असैम्बली उठने जा रही थी उसी दिन ये अवि वास प्रस्ताव लाये ताकि दो चार दिन और सै ान का बढा लें। जब इन्हें समय दिया गया तो उस समय इन्होंन क्यों वापिस लिया ? जब कोई डिमांड फाइनैंस से ताल्लुक रखती हो यानी मनी डिमांड या बिल हो और हाउस में पास न हो तो सरकार गिर जाती है और सरकार को इस्तीफा देना पड जाता

है। उस समय ये अपनी मैजोरिटी का सबूत दे सकते हैं। पता नहीं किस हिसाब से बोलते हैं कि कांग्रेस पार्टी की मजौरिटी नहीं। मैंने तो एक दिन में आपको छः छः दफा पटख रखा हैं जिन को एक दिन में छः बार पटक रखा हो, वे ऐसी बातें कैसे करते हैं ? (विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब को यह भाोभा नहीं देती। उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए। (ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्यः आपने सारे हरियाणा के हितों को बेच दिया है।

चौधरी भजन लालः आप बीच में न बोलें। जब आप बोलते हैं तो हम आराम से सुनते हैं और बीच में बोलने की कोि ा ा नहीं करते। जब मैं बोल रहा हूं तो आप भी आराम से सुनें। (विघ्न) यह कोई तरीका नहीं है कि आप मेरे बीच में बोलें।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने अभी एक बात कही कि मैंने दिन में छः छः बार इनको पटख रखा है। क्या मुख्य मंत्री जी ने यहां पर पटकने का अखाडा बनाया हुआ है ?

चौधर भजन लालः यह हार और जीत का तो अखाडा है ही, लेकिन उन्हें बोलने की समझ भी तो होनी चाहिए ?

श्री मंगल सैनः आप मैजोरिटी में हैं, पिछड गये तो पिछड गये। इसमें ऐसी क्या बात हो गई ?

चौधरी भजन लालः मुझे यह बात नहीं कहनी चाहिए परन्तु आप लोग कहलवाते हो। हमने आपकी पूरी बातें भाान्ति से सुनी लेकिन आपने टोकना भाुरू कर दिया। मर्यादा के अंदर बोलना चाहिए। सभी लोग चुन कर आये हैं। सारी जनता हमारी तरफ देख रही है कि हम क्या कह रहे हैं।

श्री ए0सी0 चौधरीः डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजी ान के भाई इस सब्जैक्ट पर काफी बोल चुके हैं लेकिन फिर भी इनकी तसल्ली नहीं हुई। इनका तो यह हाल है–

बहुत भाोर सुनते थे पहलू में दिल के;

जो चीरा तो कतराये खूं भी न निकला।

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि अगर विधानसभा सैक्रेटेरियट में किसी आदमी के साथ ज्यादती हुई है और कायदे कानून के खिलाफ कोई बात हुई है तो उसके लिये हाई कोर्ट के दरवाजे खुले हैं। कोई भी कर्मचारी हाई कोर्ट में जा सकता है। किसी आदमी के साथ कोई ज्यादती होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सैक्रेटरी की अप्वायंटमैंट स्पीकर साहब से डिस्कस करके की गई है। जिस आदमी को सैक्रेटरी विधान सभा बनाया गया है वह नौ साल तक हिसार में

वकील रहे। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी तो उने मुकाबले में कुछ भी नहीं थे। वे बहुत काबिल वकील रहे हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः आपको बहुत पता है क्योंकि आपने कई मुकद्दमें लडे हैं।

चौधरी भजन लालः दूसरे वे छः साल तक असिस्टैंट डिस्ट्रक्ट अटौरनी रहे, तीन साल तक डिस्ट्रक्ट अटौरनी रहे और दो साल तक सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल रहे हैं। उनका बडा ही भाानदार रिकार्ड रहा है और बीस साल का तजुर्बा है। बीस साल के तजुर्बे वाले व्यक्ति को ही सैक्रेटरी लगाया है।

एक सदस्यः क्या उन्हें असैम्बली का भी एक्सपीरियंस है ?

चौधरी भजन लालः जिस आदमी को बीस सात का कानूनी तजुर्बा हो, उसी तजुर्बे में असैम्बली के कानूनों की बात भी आ जाती है। दूसरे जिस आदमी ने हाईकोर्ट में वकालत कर रखी हो उसे विधान सभा की और विधान सभा के बाहर की सभी बातों के बारे में ज्ञान होता है। हमने बहुत काबिल वकील को चुन कर सैक्रेटरी अप्वायंट किया है। किसी के साथ कोई बेइन्साफी की बात नहीं हुई।

स्पीकर साहब के विशय में एक बात और कही गई कि स्पीकर साहब के खिलाफ हाई कोर्ट की जजमैंट आ गई क्योंकि उन्होंने एम0एल0एज0 फलैटस की अलाटमैंट गलत की थी। उनके

खिलाफ कोई जजमैंट नहीं आयी। जजमैंट में तो यह कहा गया है कि अगर किसी के साथ ज्यादती हुई है तो दुबारा से देख लें। अगर इस जजमैंट को भी स्पीकर साहब के खिलाफ समझते हैं तो बडी बदकिस्मती की बात है।

डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी भीम सिंह दहिया की मैं बहुत इज्जत करता हूं। वे बहुत काबिल और सज्जन व्यक्ति हैं। इन्होंने कहा कि स्पीकर साहब फल्ड कमेटी की मीटिंग में गये। स्पीकर साहब चुने हुए नुमाइंदे हैं। अगर उनके हलके में फल्ड आया है तो वे अपने इलाके के लोगों की तकलीफ कमेटी के सामने रखेंगे ही। वहां पर पार्टी की कोई बात नहीं हुई। वहां अपोजी ान के लोग भी थे। अगर स्पीकर साहब चले भी गये तो इसमें कौन सी गलत बात है ?

श्रीमती चन्द्रावतीः डिप्टी स्पीकर साहब,मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्पीकर साहब को वहां नहीं बुलाना चाहिए था। आपको खुद माननीय स्पीकर साहब के कमरे में आना चाहिए था। अगर आप स्पीकर साहब को बुलाते हैं तो उनका अपमान करते हैं।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री उपाध्यक्षः यदि हाउस की सैंस हो तो पांच मिनट के लिए हाउस का समय और बढा दिया जाये ?

आवाजें: ठीक है बढा दें।

श्री अध्यक्षः सदन का समय 5 मिनट और बढाया जाता है।

अध्यक्ष के विरूद्ध अवि वास प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी भजन लालः स्टेट फलड कंट्रोल बोर्ड की मीटिंग थी। उसमें सारे अपोली ान के लीडर और एम0एल0एज0 साहेबान आये थे। जिन इलाकें में फल्ड आया था उनके सभी एम0एल0एज0 आये थे। उस मीटिंग में डाक्टर भीम सिंह दहिया और डाक्टर मंगल सैन भी थे।

14.00 बजे।

रोहतक और सोनीपत जिलों के कुछ दूसरे साथी भी थे। हो सकता है इनके अलावा कोई दूसरे भी हों। हमने उन सब सदस्यों को बुलाया था जिनके इलाके में फल्ड आया हुआ था। स्पीकर साहब के इलाके में भी चूंकि फल्ड आया हुआ था इसलिये वह भी वहां पर बुलाये हुए थे। इसलिए मैं आपसे यह प्रार्थना करता हूं कि जितने भी एलीगे ांज लगाये गये हैं, इन एलीगे ांज में किसी में कोई सच्चाई नहीं है। सब बेसलैस और बेबुनियाद एलीगे ांज हैं। इसलिये मेरी प्रार्थना यह है कि हाउस यूनानीमसली इसको कन्डैम करे और इस प्रस्ताव की मुखालिपत करके स्पीकर साहब के अंदर अपना कान्फीडैंस रीपोज करके पहले से ज्यादा सम्मान दिया जाये।

Mr. Deputy Speaker: Question is –

This House expresses its lack of confidence in Sardar Tara Singh, Speaker, Haryana Vidhan Sabha on the following grounds :-

(i) That No Confidence Motion given by the opposition was rejected in a wrong manner during the Haryana Vidhan Sabha Session held during last year in the month8 of September. He had rejected the motion on the reasons of Party Politics.

(ii) To take active part in the election campaign of Congress in Fatehabad by election.

(iii) To select the Secretary of the Session of the Vidhan Sabha against the prescribed procedure of the selection;

(iv) Discriminatory attitude towards the employee on account of irregularities prevailing in the Vidhan Sabha Secretariat.

After ascertaining the votes of the Members by voices, Mr. Deputy Speaker announced that 'Noes' have it. This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Deputy Speaker, after calling upon those Members who were for 'Aye' and those who were for 'No' respectively to rise in their places and on a count having been taken declared that the motion was lost.

The motion was lost.

श्री उपाध्यक्षः अब हाउस कल प्रातः 9.30 बते तक के लिए एडजर्न किया जाता है।

14.04 बजे।

(तत्प चात सदन वीरवार 15 मार्च 1984 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)